# भाजपा ने ली नगर निगम शिमला चुनावों की समीक्षा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा कार्यालय शिमला में एक विशिष्ठ बैठक नगर निगम चुनाव को लेकर संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल द्वारा की गई। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुरेश कश्यप, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, नगर निगम चुनाव के प्रभारी एवं विधायक पोंटा साहब सुखराम चौधरी, प्रदेश महामंत्री राकेश जम्वाल, त्रिलोक जम्वाल एवं अनेक पूर्व मंत्रीगण, विधायकगण व पार्टी के वरिष्ठ नेता बैठक में भाग लिया। 34 वार्डों में भाजपा ने चुनाव लड़ा और 9 जीते हुए पार्षदों व शेष चुनाव लड़े उम्मीदवारों ने बैठक में भाग लिया। नगर निगम चुनाव प्रभारी सुखराम चौधरी व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने अपने वक्तव्य में कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़ी मेहनत से और बड़ी निष्ठा से चुनाव में काम किया, बेहतरीन तरीके से चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया और




प्रदेश के विभिन्न स्थानों के वोट शिमला में बनाए गए। हर वार्ड में वोटों को बनाते हुए नगर निगम क्षेत्र में हजारों वोट बनाए गए। कांग्रेस की जीत सत्ता के दुरुपयोग की जीत है। बैठक में भाजपा के सभी जीते हुए 9 पार्षदों का अभिनंदन किया गया जिसमें अप्पर ढली से कमलेश मेहता, फ गली से कल्याण धीमान, पंथाघाटी से कुसुम ठाकुर, रुल्दुभट्टा से सरोज ठाकुर, कृष्णा नगर से बिट्टू कुमार पाना, पटयोग से आशा शर्मा, न्यू शिमला से निशा ठाकुर, भराड़ी से मीना चौहान और कसुंपटी से रचना जिन्हा शर्मा उपस्थित रही डॉक्टर बिंदल व संगठन मंत्री ने कहा कि हम सभी को आगामी कार्यक्रमों को पूर्ण करने के लिए जुट जाना है। कार्यकताओं को भाजपा संगठन महामंत्री सिद्धार्थन का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनावों में कार्यकताओं ने पूरी ताकत से चुनाव लड़ा और पार्टी ने बेहतरीन तरीके के साथ चुनाव लड़ने में सभी पार्षदों एवं नेताओं की मदद की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने बताया कि चर्चा में यह विषय निकल कर सामने आया कि कांग्रेस पार्टी ने शिमला नगर निगम के चुनावों में सत्ता का दुरुपयोग कर शिमला नगर निगम में अपनी जीत दर्ज की है। चुनाव के प्रथम दिन से ही कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने नगर निगम शिमला के चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास किया, पहले कांग्रेस के नेताओं ने नगर निगम शिमला के रोस्टर के साथ छेड़छाड़ की। उसके बाद जिस प्रकार से नगर निगम शिमला में 20,000 से अधिक वोट बने उससे भी नगर निगम शिमला के चुनाव प्रभावित किया गया, चुनाव के बीच में कर्मचारियों को डीए की किस्त देना और विभिन्न पदों की नौकरियों को रेगुलर करने की घोषणा भी चुनाव को प्रभावित करने के लिए ही की गई। कांग्रेस पार्टी ने इन चुनावों में सत्ता का पूर्ण रूप से दुरुपयोग किया जिसके कारण कांग्रेस पार्टी ने नगर निगम शिमला में सीटें जीती। जयराम ठाकुर ने सभी कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए सभी कार्यकताओं को आगामी संसदीय चुनाव के लिए लगने का आह्वान किया। इस बैठक में जयराम ठाकुर ने कहा कि अब नगर निगम शिमला का चुनाव हो गया है और हमें अपनी सुस्ती को छोड़कर 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए जुटना पड़ेगा। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि हर पोलिंग बूथ पर जहां-जहां जो जो कमी रही है उस कमी को सब मिलकर दूर करेंगे, जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा के पास सबसे बड़ा संगठन है सबसे अच्छे कार्यकर्ता है आवश्यकता है और हमें पूरा मन बना कर जुट जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के चुनावों में 160 से अधिक कार्यकताओं ने सक्रिय कार्य किया और 150 से अधिक सभाओं का आयोजन किया गया, सभी कार्यकताओं के कहने पर पार्टी ने मजबूती से कार्य भी किया और भारतीय जनता पार्टी ने इन चुनावों को गंभीरता के साथ लड़ा। भविष्य में सभी कार्यकर्ता मिलकर आगामी लोकसभा चुनावों को लड़ेंगे और चारों सीटों पर जीत दर्ज करेंगे।

# गोहर व चैलचौक बाजार में यातायात हेतु पार्किंग व्यवस्था पर बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

उपमंडलीय नागरिक कार्यालय गोहर में एसडीएम गोहर की अध्यक्षता में जिला दंडाधिकारी के दिशा निर्देश के पर यातायात से संबंधित, गोहर व चैलचौक में पार्किंग से संबंधित टैक्सी यूनियन, पुलिस प्रशासन, पंचायती राज सदस्य प्रधान व उपप्रधान, प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने चैलचौक बाजार में टैक्सियों को पार्किंग हेतु पीली पट्टी व बोर्ड लगवाने व गोहर बाजार में टैक्सियों हेतु पीली पट्टी व बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गणई से चैल चौक ट्रैफिक व पार्किंग प्लान के स्थानों पर बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने चैलचौक के स्थानीय व्यापारियों को भी निर्देश दिए गए कि उनके लिए एचडीएफ सी बैंक के सामने पार्किंग की व्यवस्था की गई है तो वहीं ही अपनी गाड़ी लगाएं।बैठक में तहसीलदार मित्र देव एसएचओ लालचंद ठाकुर, टैक्सी यूनियन प्रधान गगन शर्मा, पीडब्ल्यूडी एक्शन चमन लाल ठाकुर, चैलचौक प्रधान इंदिरा देवी मृगेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### रेहड़ीधारकों के लिए मंडी नगर निगम कार्यालय में स्थापित होगा ऑफिस

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

नगर निगम क्षेत्र मंडी में रेहड़ी फ हड़ी से जीविका चलाने वाले वेण्डर्ज के रोजगार की रक्षा के लिए बनी टाउन वैंडिंग कमेटी की मीटिंग आज कमिशन्नर एचएस राणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। पिछले कुछ समय से निगम और यूनियन के बीच तनाव चल रहा था जिस कारण आज की ये बैठक महत्वपूर्ण थी। इस बैठक में विभागीय अधिकारियों, गैर सरकारी सदस्यों के अलावा रेहड़ी यूनियन के प्रतीनिधि सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक कुमार, सिकंदर, रेहाना, दर्शनु, बिमला, दिनेश कुमार आदि ने भी भाग लिया। इस बैठक में पिछले लंबे समय से रहदीधारकों को लाइसेंस जारी नहीं हो रहे थे जिसके लिए यूनियन ने पिछली बैठक का बहिष्कार किया था और 28 अप्रैल को नगर निगम कार्यालय का घेराव भी किया था और हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।लेकिन आज की बैठक में अगले 15 दिनों में लाइसेंस और सर्वेक्षण की रिपोर्ट अधिसूचित करने का फैसला लिया गया।इसके अलावा नए सर्वेक्षण के आधार पर सभी वेण्डर्ज को स्थान उपलब्ध कराने के लिए वैंडिंग जोन नोटिफाई करने का भी निर्णय लिया गया। यूनियन के प्रधान सुरेंद्र कुमार ने बताया कि सकोढी पुल के आसपास के क्षेत्र को नो वैंडिंग जोन घोषित करने का उन्होंने विरोध किया। उसके बारे ये फैसला लिया गया कि सबकमेटी मौके पर जाकर स्थान का अवलोकन करेगी और एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश करेगी और उसके आधार पर अगली बैठक में निर्णय लिया जायेगा।गुजराती समुदाय के वेण्डर्ज के लिए बनी मार्केट में सुविधा उपलब्ध कराने और उन्हें पड्डल में सन्डे मार्केट लगाने का भी फैसला लिया गया।सभी रेहडि ?ों के स्थानों पर ग्रीन लाइनें लगाने और नेम प्लेट लगाने का काम भी अगले 15 दिनों में किया जायेगा।मंडी नागरिक अधिकार मंच के अध्यक्ष हरमीत सिंह बिट्टू के सुझाव पर नगर निगम कार्यालय में टाउन वैंडिंग कमेटी का ऑफिस स्थापित किया जाएगा जिसके लिए कमरा और कर्मचारी भी उपलब्ध करवाया जायेगा।इसके अलावा सभी रहदीधारकों के हेल्थ कार्ड एक महीने में बनाये जाएंगे। यूनियन ने आज हुई मीटिंग की कार्यवाई का स्वागत किया है और निगमायुक्त और नगर निगम कर्मचारिओं से इन सभी फैसलों को तयशुदा समय के अंदर पूरा करने की मांग की है ताकि उन्हें फिर से संघर्ष का रास्ता न अपनाना पड़े।

### 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर ग्राउंड वर्क कर रही भाजपा :डॉ. बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार हरिपुरधार पहुंचे डॉ. राजीव बिंदल का पार्टी कार्यकताओं ने ढोल नगाड़े के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बिंदल ने कहा कि 2019 के चुनाव में रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा कार्यकताओं ने 16000 से अधिक मतों की बढ़त दिलाकर बड़ा करिश्मा किया था। उन्होंने कहा की 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ता अभी से ऐसी तैयारी शुरू करें ताकि अगली बार हम नया इतिहास रच सकें। उन्होंने कहा कि रेणुका का भाजपा कार्यकर्ता मेहनती, शक्तिशाली, जुझारू, निष्ठावान व काफी सजग है। जब एक दिशा में लग जाता है तो लक्ष्य की प्राप्ति करके ही दम लेता है। उन्हें पूरा भरोसा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर हम इतिहास रचने में कामयाब होंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें अध्यक्ष का पदभार संभालने का दायित्व दिया है। माता भंगायणी के चरणों में शीश नवा कर व माता का आशीर्वाद लेकर इस कार्य को शुरू करना है। बिंदल जब हरिपुरधार पहुंचे तो प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य सही राम चौहान ने उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यकताओं के जोश को देखकर बिंदल इतने खुश हुए कि रासा गीत पर कार्यकताओं के साथ झूम उठे।

जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के सदस्य बलबीर राणा ने उन्हें डांगरा भेंट किया। पूर्व बीडीसी अध्यक्ष मेला राम शर्मा ने हरिपुरधार आने के लिए उनका आभार प्रकट किया।

# 10 मई से प्रवास पर होंगे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 10 मई से विधानसभा क्षेत्र डलहौजी के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे।

विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उप मुख्यमंत्री 10 मई को प्रातः 10:30 बजे डलहौजी में अमृत मिशन चरण द्वितीय के तहत पेयजल योजना का शिलान्यास करने के साथ डलहौजी कस्बे के लिए स्थापित लगातार जल गुणवत्ता जांच प्रणाली रियल टाइम वॉटर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम का लोकार्पण भी करेंगे। इसके उपरांत वे परिधि गृह डलहौजी में पत्रकार वार्ता करेंगे। दोपहर बाद



उपमुख्यमंत्री सलूणी रवाना होंगे। सलूणी में पेयजल योजना का लोकार्पण करने के पश्चात बाद दोपहर 2:30 बजे एक भव्य जनसभा को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री 11 मई को प्रातः 8 बजे सलूणी से ऊना के लिए रवाना होंगे।

# माजरा में कूड़ा के सड़क किनारे ढेर होने से विकराल हो रही समस्या

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

पांवटा साहिब के माजरा क्षेत्र में चारों तरफ लगे गंदगी के ढेरों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गुगा माड़ी वार्ड नम्बर 12, माजरा बाई पास चौक, वार्ड नम्बर 9, गैस एजेंसी वार्ड नम्बर 11, प्राचीन शिव मंदिर वार्ड नम्बर 13 में कूड़े का ढेर अक्सर ही दिखाई देता है, जिसकी वजह से आवाजाही करने वालों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। पांवटा माजरा चंडीगढ़ एनएच पर तो हर समय कूड़े का ढेर लगा रहता है जिसके कारण वहां हर समय गंदगी फैली रहती है। सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्य एंट्री गेट पर ही कूड़े का ढेर लोगों का स्वागत कर रहा है। सूत्रों के



अनुसार पंचायत सफाई के लिए व्यापारियों से पैसा भी हर महीने इका करती है, इसके बावजूद यहां सफ ाई व्यवस्था का बुरा हाल है। वहीं जब ग्रामीण राज कुमार, पवन वशिष्ठ, सावित्री वशिष्ठ व अन्य लोगों से बात की गई तो उनका कहना है कि पंचायत में शामलात जमीन है परंतु उन पर ग्रामीणों के द्वारा कब्जे किए गए हैं जिससे उस जमीन का प्रयोग पंचायत की गौशाला, कूड़ा संयंत्र केंद्र व अन्य कार्य में न हो कर लोगों द्वारा कब्जा किया हुआ है। प्रशासन को इस पर संज्ञान लेना चाहिए। इस दौरान पंचायत प्रधान दीपिका खंडूजा से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि माजरा में कूड़ा संयंत्र केंद्र लगाने के लिए भूमि नहीं है। कई बार जिला प्रशासन से जमीन की मांग की गई थी परंतु जिला प्रशासन से भूमि नहीं मिलने के कारण समस्या आ रही है जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। माजरा के ग्रामीणों का कहना है कि वह कूड़ा कहां पर है ना ही यहां पर कूड़ा इका करने वाले आते हैं और ना ही या पर कूड़ेदान की लगाए गए हैं। जिसमे चलते वह सडक किनारे कूड़ा फेंकने को मजबूर हैं। ग्राम पंचायत प्रधान के द्वारा कई बार कूड़े दान के लिए ब्लॉक अधिकारी को भी कहा गया है परंतु उसके बावजूद भी ग्राम पंचायत माजरा में कूड़ेदान की व्यवस्था नहीं की गई है।

# कांग्रेस सरकार अपनी मुख्य चार गारंटियों को पूरा करें

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**

भारत की जनवादी नौजवान सभा ने मुख्यमंत्री को एसडीएम जोगिंद्रनगर के माध्यम से मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र मुख्यतः चुनावों से पूर्व कांग्रेस पार्टी द्वारा युवाओं के लिए चार मुख्य गारंटियों को लागू करने बारे दिया। नौजवान सभा जोगिंदर नगर के अध्यक्ष संजय जमवाल व सचिव अर्जुन बड़वाल ने कहा कि चुनावों पूर्व कांग्रेस पार्टी ने जो युवाओं को मुख्य वादे किए थे उनको जल्द पूरा करे। गारंटियों में मुख्य तौर पर एक लाख सरकारी नौकरियां देने की गारंटी,18 से 59 साल तक की आयु वाली महिलाओं को



हर महीने 1500 रुपए देने की मुख्य गारंटी, प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र में युवा स्टार्ट अप हेतु 10-10 करोड़ की बिना ऋ ण व ब्याज व दिसंबर 2022 से हर उपभोक्ताओं को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने की ओर नौजवान सभा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने हुए 5 महीने का समय हो गया है लेकिन सरकार ने युवाओं को दी हुई गारंटियों को नजरंदाज ही किया है।

प्रदेश के सभी महकमों में हजारों खाली पद है जिससे ऐसा लग रहा है कि गारंटियां चुनावी घोषणा से सत्ता में काबिज होने तक ही सीमित रह गई हैं।

# डॉ. शांडिल 09 तथा 10 मई को सोलन जिला के प्रवास पर


**टीम एक्शन इंडिया/सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मन्त्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल 09 तथा 10 मई, 2023 को सोलन जिला के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. शांडिल 09 मई, 2023 को प्रातः 10:30 बजे केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान कसौली में संस्थान के 119वें स्थापना दिवस पर केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री 10 मई, 2023 को प्रातः 11 बजे कसौली विधानसभा क्षेत्र के धर्मपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धर्मपुर तथा 108 ईएमआरटी केन्द्र में केन्द्रीय राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री के साथ उपस्थित रहेंगे।

# पांडवों ने वनवास काल के दौरान निर्मित किया था मां चतुभुर्जा का मंदिर

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी जिला के जोगिन्दर नगर उपमंडल मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर की दूरी पर सिकंदर धार की उंची चोटी पर मां चतुभुर्जा का पवित्र स्थान मौजूद है। इस मंदिर के प्रति लोगों की गहरी आस्था है तथा प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु मां के दर्शनार्थ इस पवित्र स्थान पर पहुंचते हैं। निसंतान दंपति मां के दरबार में हाजरी लगाकर नवरात्रों में संतान प्राप्ति को निसंतान स्त्रियां मौन जागरण करती हैं। साथ ही जिन भक्तों की आंखों की रोशनी चली जाती है वे मां से आंखों की रोशनी की मन्नत मांगते हुए मां को चांदी की आंखें चढ़ाते हैं। इस तरह मां चतुभुर्जा के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है तथा मां भी अपने भक्तों को निराश नहीं करती है। प्राकृतिक तौर पर भी यह स्थान बेहद खूबसूरत है। इस मंदिर की पहाड़ी के एक ओर जहां चील के घने पेड़ मौजूद हैं तो दूसरी तरफ घने बान, काफ ल इत्यादि के जंगल हैं। इस स्थान से चारों ओर दूर-दूर तक का विहंगम दृश्य देखते ही बनता है। एक तरफ खूबसूरत बर्फ से ढकी धौलाधार पर्वत श्रृंखला का नजारा देखने को मिलता है तो दूसरी तरफ ब्यास नदी के उस पार धर्मपुर, संधोल



इत्यादि क्षेत्रों का नजारा भी कम खूबसूरत नहीं होता है। यहां आकर मानसिक रूप से आलौकिक शांति का अनुभव होता है।

पांडवों ने वनवास के समय निर्मित किया था मां का मंदिर

कहते हैं कि जोगिन्दर नगर उपमंडल की सुरम्य सिकंदर धार की लगभग 6 हजार फ ीट ऊंची चोटी पर पांडवों ने वनवास काल के समय इस मंदिर का निर्माण किया था। पांडव वनवास के समय जब इस स्थान से गुजर रहे थे तो मां शेरांवाली ने उन्हे इस खूबसूरत चोटी पर दर्शन दिये थे। मां ने पांडवों से सर्व कल्याण के लिए इस स्थान पर मंदिर निर्माण करने को कहा तथा पांडवों ने पिंडी रूप में यहां माता की स्थापना की। कहते हैं उस समय पांडवों ने मंदिर के ऊपर मोटे-मोटे पत्थरों की छत बनाकर इस मंदिर का निर्माण किया था।

# स्किल डवलपमेन्ट संस्थानों को लेकर बैठक का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

अतिरिक्त उपायुक्त शिवम प्रताप सिंह ने गत दिवस को अपने कार्यालय कक्ष में स्किल डवलपमेन्ट भत्ते के संदर्भ में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में बताया कि स्किल डवेलेपमेन्ट के लिए जिला में 12 संस्थान चिन्हित किए गए हैं और वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को घर द्वार पर तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाकर आत्मनिर्भर बनाने के लिए तत्पर है।

उन्होनें कहा कि तकनीकी शिक्षा



विभाग समय-समय पर इन संस्थानों का औचक निरीक्षण करेगा ताकि युवाओं के भविष्य से कोई खिलवाड़ न हो। शिवम प्रताप सिंह ने अधिकारियों से आग्रह किया कि वह खण्ड व पंचायत स्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन करें ताकि ग्रामीण युवा इस योजना का लाभ उठा सकें और स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आय में इजाफा कर सकें।बैठक में कार्यकारी परियोजना अधिकारी निशांत शर्मा, तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ममेल पंचायत ने गांव में बनाया सेल्फी प्वाइंट, करसोग ब्लॉक की पहली पंचायत बनी

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

शहरों की तर्ज पर अब गांव में भी अत्याधुनिक विकास की यह लौ धरातल पर नजर आने लगी है। गांव अब पर्यटन की दृष्टि से विकसित होने लगे है। युवा वर्ग, बच्चों, बुजुर्गो व समय की मांग के अनुसार गांव में ही अब अत्याधुनिक सुविधाएं जुटाई जा रही है जिसका एक उदाहरण है करसोग क्षेत्र की ग्राम पंचायत ममेल ने प्रस्तुत किया है। पंचायत ने शहरों की तर्ज पर गांव में सेल्फी प्वाइंट बना इसे साबित भी किया है। मंडी जिला के करसोग कस्बे के साथ लगती ग्राम पंचायत ममेल ने पंचायत क्षेत्र में युवाओं व पर्यटकों के लिए सेल्फी प्वाइंट




बना कर पंचायत क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का प्रयास किया है। पंचायत द्वारा आई लव ममेल के नाम से भ्याल गांव में यह सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। सेल्फी प्वाइंट युवाओं व क्षेत्र के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।भ्याल गांव में सेल्फी प्वाइंट बना कर ग्राम पंचायत ममेल, करसोग ब्लॉक में इस तरह का सेल्फी प्वाइंट बनाने वाली पहली पंचायत भी बनी है। पंचायत द्वारा जिस स्थान पर यह सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है वह स्थल करसोग क्षेत्र के अराध्य देव, देवों के देव ममलेश्वर महादेव की बैठक स्थली भी है। पंचायत द्वारा यहां पर भव्य पंचवटी पार्क भी बनाया जा रहा है। जहां पर युवा वर्ग, बुजुर्गो सहित बच्चों के लिए विभिन्न आधुनिक सुविधाएं जुटाई जा रही है। पंचायत प्रधान नारायण सिंह ठाकुर का कहना है कि पंचायत ने देवता के इस पवित्र स्थल को पंचवटी पार्क के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया। जिसके अन्तर्गत सबसे पहले यहां स्थित प्राचीन वाबड़ी का जीर्णोद्वार कर इसे पुनः विकसित किया गया। यहां पर एक भव्य पार्क भी बनाया जा रहा है। जिसे पंचवटी पार्क का नाम दिया गया है। पंचायत द्वारा इस पार्क को मनरेगा के अन्तर्गत बनाया जा रहा है। पार्क निर्माण में अन्य मद्दों से भी व्यय किया गया है। निर्माण कार्य पर अब तक लगभग 15 लाख रुपये व्यय किए जा चुके है। पार्क के बीचोंबीच देवता की बैठक बनाई गई है। यहीं पर एक ओर आई लव ममेल के नाम से सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है। पार्क में अन्य विभिन्न सुविधाएं भी जुटाई जा रही है। जिनका कार्य चल रहा है। बजट के अनुसार विभिन्न कार्यो को आगे बढ़ाया जा रहा है। ममेल पंचायत, नगर पंचायत करसोग के साथ लगती पंचायत है। पंचायत क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत में लोगों की सुविधा के लिए रास्तों को पक्का बनाया जा रहा है और अन्य विभिन्न प्रकार की मूलभूत सुविधाएं भी लोगों की जरूरतों के अनुसार उपलब्ध करवाई जा रही है। पंचायत प्रधान का कहना है कि पंचायत को एक आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।

# एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

कृषि विज्ञान केंद्र चंबा द्वारा प्राकृतिक खेती पर आधारित एक दिवसीय किसान मेले का आयोजन भगोत फार्म में किया गया। इस एक दिवसीय किसान मेले में डॉ यशवंत सिंह परमार ओद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस एक दिवसीय किसान मेले में सदस्य विस्तार परिषद, महाराज सिंह वडयाल, निदेशक विस्तार शिक्षा, डॉक्टर इंद्रदेव, पूर्व निदेशक कृषि विभाग, डॉक्टर देशराज शर्मा,



उपनिदेशक कृषि, डॉ. कुलदीप धीमान, उप निदेशक उद्यान विभाग, डॉ.राजीव चंद्रा, परियोजना निदेशक आत्मा, डॉक्टर श्रवन कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा, डॉक्टर ओम प्रकाश अहीर उपस्थित रहे। किसान मेले के मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल ने प्राकृतिक खेती पर अपना व्याख्यान भी इस अवसर पर दिया। इस किसान मेले में चंबा जिला के लगभग 250 किसानों ने हिस्सा लिया। उप निदेशक कृषि विभाग डॉ कुलदीप धीमान ने मोटे अनाज के महत्व के बारे में किसानों को जागरूक किया।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर बच्चों को नशे की बुरी आदत के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**



विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज सूचना एवं जनसंपर्क विभाग कुल्लू की नाट्य इकाई द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में भून्तर में रेड क्रॉस सोसाइटी कुल्लू के सहयोग से नशे के दुष्प्रभावों के बारे जागरूक करने के लिए नुकड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस दौरान नुकड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया गया कि नशीली वस्तुओं के प्रयोग से हमारे जीवन व समाज पर क्या प्रभाव पड़ता है। किस तरह एक उभरता नौजवान नशे की आदत के कारण अपना संपूर्ण जीवन नष्ट कर देता है यही नहीं उसकी इस बुरी आदत से उसका परिवार भी पूरी तरह से टूट जाता है तथा समाज पर भी बुरा असर पड़ता है। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर के प्रधानाचार्य ने ने कहा कि नशा की आदत न केवल व्यक्ति बल्कि उसके परिवार व समाज के लिए अभिशाप है। उन्होंने कहा कि नशीली वस्तुओं, पदार्थो का सेवन एक बीमारी है जिसका इलाज संभव है उन्होंने कहा कि कई बार देखने में आया है कि अभिभावक अपने बच्चों की नशे की आदत को को छुपाते है जो बाद में जटिल समस्या बन जाती है।उन्होंने कहा कि नशे की आदत का अन्य बीमारियों की तरह इलाज सम्भव है।उन्होंने कहा कि भून्तर स्थित नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र नशे की आदत से छुटकारा पाने का इलाज किया जा सकता हैं।उन्होंने कहा कि इस केंद्र में इलाज के लिए पुरुषों तथा महिलाओं को दाखिल करने की सुविधा उपलब्ध है।कुछ ही दिनों के इलाज के बाद नशे की आदत पूरी तरह छूट जाती है।अस्पताल से उपचार के बाद आज कई युवक व युवतियाँ स्वस्थ होकर सफल जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

# 20 को किया जायेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन : ओम कांत

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



उप मंडलाधिकारी नागरिक करसोग ओम कान्त ठाकुर की अध्यक्षता में पंचायत समिति कक्ष करसोग में आज बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी मंडी द्वार हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सहारा योजना के अंतर्गत उप मंडल करसोग में गंभीर बीमारियों से ग्रसित, पात्र वरिष्ठ नागरिकों के लिए ग्राम पंचायत खील में 20 मई को एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस शिविर के दौरान डॉक्टरों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे नागरिक जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है तथा जो किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं उनके स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच इस शिविर में की जायेगी तथा बीमारी से सम्बंधित दवाईयां भी उपलब्ध करवाई जायेंगी। रेडक्रॉस सोसायटी मंडी के सचिव ओ पी भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रॉस के माध्यम से जिला मंडी के विभिन्न उप-मंडलों में इन स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन करवाया जा रहा है । इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए उप मंडल करसोग की ग्राम पंचायत खील में भी 60 वर्ष की आयु से अधिक वरिष्ठ नागरिक जो किसी गंभीर बिमारी से पीड़ित हैं उनका स्वास्थ्य जांचा जाएगा। इस स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य विभागए आयुर्वेदिक विभाग तथा डेंटल विभाग से डॉक्टरों की टीमें इन वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच करेंगी। इस शिविर के आयोजन के लिए उन्होंने करसोग उप मंडल में स्थित विभिन्न विभागों से सहयोग के लिए आग्रह किया है । उन्होंने कहा कि जिन वरिष्ठ नागरिकों के हिम केयर कार्ड और आयुष कार्ड नहीं बने है उनके नए कार्ड भी इस शिविर में बनाएं जायेंगे। उन्होंने कहा कि जो भी वरिष्ठ नागरिक अपने हिम केयर अथवा आयुष कार्ड बनवाना चाहते है वे अपने साथ अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड तथा आयु प्रमाण पत्र साथ लाना सुनिश्चीत करे।

# पंजावर में करंट लगने से युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**



उपमंडल हरोली के गांव लोअर पंजावर में करंट लगने के चलते युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान बशीर मोहम्मद पुत्र खान मोहम्मद निवासी लोअर पंजावर के रूप में हुई है। वहीं इसी घटना को लेकर क्षेत्रीय अस्पताल में रात भर जमकर हंगामा बरपा। मृतक युवक के परिजन मृतक के पांचों दोस्तों को गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे। जहां युवाओं के बीच कई बार हाथापाई तक की भी नौबत आ गई, वहीं पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर मृतक युवक के ही साथ काम करने वाले पांच युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक के परिजनों ने बताया कि यह सभी युवक बशीर मोहम्मद के साथ ही दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। करीब 1 सप्ताह पहले इन्हीं सभी लोगों के साथ बशीर की किसी बात को लेकर कहासुनी और लड़ाई झगड़ा हुआ था। रविवार देर शाम बशीर को ट्रैक्टर में गोबर का ढेर लोड करने के लिए बुलाया गया था, जबकि करीब 8:45 बजे उसे करंट लगने की सूचना परिजनों को दी गई। परिजनों का कहना है कि जब वो क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचे तो उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के परिजनों और अन्य रिश्तेदारों ने उसी के पांच दोस्तों पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाते हुए बवाल शुरू कर दिया। इस दौरान युवकों में कई बार हाथापाई तक की भी नौबत आई। जबकि अस्पताल में मौजूद होमगार्ड जवानों और पुलिस कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत से युवाओं को अलग किया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया का कहना है कि पुलिस ने बशीर की मौत मामले में परिजनों के बयान के आधार पर 5 युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया है, मामले की जांच शुरू कर दी है।

## थनिकपुरा में चिट्टे संग एक काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

पुलिस थाना चिंतपूर्णी के तहत थनिकपुरा में पुलिस एक युवक को चिट्टे संग काबू किया है। आरोपी युवक की पहचान अरूण कुमार निवासी नादौन, जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चिंतपूर्णी पुलिस रविवार रात्रि थनिकपुरा में गश्त कर रही थी। इस दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक की तलाशी ली, जिससे पुलिस ने 3.57 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान अरूण कुमार निवासी हमीरपुर के रूप में हुई।

# महाराणा प्रताप जयंती पर जुटेंगे एक लाख लोग: रुमित ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



हिमाचल प्रदेश में अब तक की सबसे बड़े स्तर की महाराणा प्रताप जयंती नाहन में 8 व 9 मई को आयोजित की जा रही है। इस राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप की 483 जयंती के उपलक्ष पर प्रदेश भर से 1,00,000 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। यह बात देवभूमि क्षेत्रीय संगठन एवं स्वर्ण मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष रुमित सिंह ठाकुर ने नाहन में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि 8 मई को रामायण का 24 घंटे का अखंडपाठ प्रातः 10 बजे आरंभ हो गया तथा 9 मई को महाराणा प्रताप की नाहन शहर के माल रोड स्थित मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाएगा।उसके बाद रामायण पाठ व पूर्ण आहुति का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रुमित ठाकुर ने कहा कि इस दौरान स्वर्ण महासम्मेलन के तहत सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ नाहन के चौगान मैदान में किया जाएगा। जो हिमाचल का अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ होगा।नाहन में मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए रुमित सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती के सम्मेलन के लिए मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को आमंत्रित किया गया था परंतु किन कारणों से मुख्यमंत्री ने इस सम्मेलन में आने से मना कर दिया है इसका जवाब मुख्यमंत्री को देना होगा। ठाकुर ने कहा कि जब कोई भी व्यक्ति प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठता है तो वह ना केवल किसी जाति विशेष अपितु प्रदेश के एक.एक व्यक्ति का मुख्यमंत्री होता है। ऐसे में यदि कोई भी समाज जाति या धर्म मुख्यमंत्री को अपने सम्मेलन में बुलाते हैं तो मुख्यमंत्री का यह दायित्व है कि उसमें शामिल हो।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को देवभूमि क्षत्रिय संगठन मोर्चा द्वारा आयोजित किए जाने वाले महाराणा प्रताप जयंती के राज्यस्तरीय सम्मेलन में किन कारणों से आने से रोका गया है यह चिंता का विषय है।

## न्यूज फ्लैश

### मजदूरों ने उपायुक्त से लगाई ठेकेदार से पैसे दिलवाने की गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

कशमीर से मजदूरी करने आए मजदूर ठेकेदार से पैसे न मिलने के कारण कई दिनों से मंडी में दर दर भटक रहे हैं। सोमवार को इन मजदूरों ने मुहम्मद सादिक लोहार पुत्र अब्दुल जबार लोहार, गांव व डाकघर नूर खावाह तहसील बुनिधार जिला बारामूला जम्मू कशमीर ने उपायुक्त मंडी को एक ज्ञापन सौंप कर बताया कि मंडी में सीवरेज का टैंडर लेने वाली कंपनी के मालिक ने उन्हें काम पर रखा और उन्होंने मंडी में ब्यास नदी किनारे व सुकेती खड्डु में बने सीवरेज टैंकों व लाइन का काम किया। वह कुल 16 मजदूर थे। उनकी पेंमेंट 5 लाख 15 हजार रूपए बनी मगर ठेकेदार ने अधूरा भुगतान किया और उनका 1 लाख 65 नहीं दिया। महीने से ठेकेदार टरका रहा है। इसे लेकर उन्होंने जल शक्ति विभाग जो इस काम को करवा रहा है के अधिशाषी अभियंता को भी मिल कर एक ज्ञापन दिया। वह 4 अप्रैल से अपने पैसे को मांग रहे हैं और तब से बिना काम के बैठे हैं। कुछ मजदूर तो कशमीर चले गए मगर बाकी अपनी मजूदरी के लिए मंडी में बेकार बैठे हुए हैं। उपायुक्त मंडी ने इस बारे में अधिशाषी अभियंता को मार्क करके इस पर कार्रवाई करने को कहा है। मुहम्मद सादिक ने बताया कि इस बारे में उन्होंने श्रम अधिकारी को भी एक पत्र देकर मजदूरी दिलवाने का आग्रह किया है।

### भारत की जनवादी नौजवान सभा सोलन कमेटी ने विभिन्न मांगों को लेकर श्रम मंत्री धनीराम शांडिल को सोलन में सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष

भारत की जनवादी नौजवान सभा (डीवाईएफ आई) राज्य कमेटी के आव्हान पर जिला कमेटी सोलन के द्वारा परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री व विधायक सोलन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा। डीवाईएफआई जिला कमेटी सोलन के सचिव राकेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा सता में आने से पहले अपने गारंटी कार्ड के माध्यम से जो वादे किए गए थे उनको पूरा करने को लेकर यह ज्ञापन दिया गया। ये वादे निम्न प्रकार से थेए जिनमे एक लाख सरकारी नौकरियां देने का फैसला मंत्रीमंडल की पहली बैठक में लिया जाएगा। 18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को हर माह 1500 रुपये की सुनिश्चित आय दी जाएगी।

# चूड़धार में बर्फ बारी और निचले क्षेत्रों में बारिश के कारण शीतलहर जारी

**▶▶चूड़धार क्षेत्रों मे सुबह की शुरूआत धुप से हुई। मगर एकाएक मौसम ने करवट ली और बर्फ गिरनी शुरू हुई**

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



जिला सिरमौर ऊंची चोटी और शिरगुल महाराज की तपोस्थली चूड़धार में रविवार सुबह से बर्फबारी शुरू हुई हो गई है। वहीं मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्र नौहराधार, हरिपुरधार, शिलाई, गताधार आदि में बारिश हुई, जिससे क्षेत्र में फिर से शीतलहर का प्रकोप अत्यधिक बढ़ गया है। बता दें कि समूचे चूड़धार क्षेत्रों में सुबह की शुरूआत धुप से हुई। मगर एकाएक मौसम ने करवट ली व चूड़धार की श्रृंखला मे बर्फ गिरनी शुरू हुई। जिला के मध्यम ऊंचाई वाले स्थान नौहराधार आदि मे बारिश हुई। हैरान कर देने वाली बात यह है कि मई महीने मे जनवरी जैसी ठंड हो रही है। इतनी ठंड जनवरी फरवरी में भी नही थी जितनी मई मे हो रही है हर रोज हिमाचल के अलावा बाहरी राज्यों के श्रदालु चूड़धार की यात्रा पर निकल रहे है। मजेदार बात यह है कि स्थानीय लोगों ने भी गर्म कपड़े मई माह मे भी नही छोड़े है और श्रद्धालु भी छाता, रेनकोट या कंबल ओढ़ कर शिरगुल महाराज के दरबार में पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि हर वर्ष बैसाखी की सक्रांति को चूड़धार मंदिर के कपाट खुलते है। मंदिर में बैसाखी की संक्रांति को पूजा शुरू हो गई है। ऐसे मौसम मे एसडीएम चौपाल एनआर चौहान भी चूड़धार की खड़ी चढ़ाई चढ़ कर बर्फबारी के बीच पहुंचे। उन्होंने चूड़धार पहुंचकर अपडेट ली तथा समिति व पुजारियों को आदेश जारी करते हुए कहा कि चुडधार की यात्रा शुरू हो चुकी है किसी भी श्रदालुओं को यहां कोई परेशानी नही आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चूड़धार में कोई सार्वजनिक कोई समस्या है उसे जल्द निवारण करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल से प्रसाशनिक तौर पर चूड़धार की यात्रा से रोक हट गई है। साथ ही मंदिर के पुजारी व सेवादार 15 अप्रैल को चूड़धार मंदिर पहुंच चुके है। हर रोज यहां पर हजारों की तादाद मे श्रदालु पहुंच रहे है। उन्होंने बताया कि अभी चूड़धार के रास्ते मे बर्फ जमी पड़ी है। उन्होंने सभी श्रदालुओं से अपील की है कि मौसम साफ होने पर ही यात्रा करें रात को कोई भी यात्री चुडधार न आए दिन मे यात्रा शुरू करें।

## टक्का में रास्ता रोककर मारपीट, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

सदर थाना के तहत टक्का में एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घायल का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार जारी है। वहीं पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अजय कुमार निवासी टक्का ने बताया कि रविवार रात्रि काम से अपने घर को वापिस रास्ते में जा रहा था, तो गांव के गगन ने मुझे घर जाते हुए रोककर मेरे सिर पर किसी चीज से प्रहार कर दिया। मारपीट में अजय कुमार के सिर पर चोट लगी है।

# पहाड़ी डिजिटल एलबम झुमका ठुमका ने मचाया मार्किट में धमाल

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



प्रसिद्ध लोक गायिका कल्पना तोमर रैणा के मधुर स्वर में तैयार झुमका ठुमका नामक पहाड़ी विडियो डिजिटल एलबम ने इन दिनों मार्किट में धमाल मचाया है। तानिश स्टूडियों राजगढ़ के बैनर तले तैयार की गई इस एलबम में कल्पना तोमर के साथ उनके छोटे भ्राता आशु तोमर ने गायन में अहम भूमिका निभाई है। इस गीत में म्यूजिक नवीन नेगी और राजेश गंधर्व ने दिया है जबकि गीत की लिरिक्स कल्पना तोमर द्वारा स्वयं तैयार की गई है। जबकि मेकओवर का कार्य अंजली कश्यप ने किया है। बता दें कि राजगढ़ के समीप जाजर गांव की रहने वाली कल्पना तोमर रैना को पहाड़ी कोकिला के नाम से प्रदेश में प्रसिद्ध है। कल्पना दूरदर्शन और रेडियो से बीते 15 वर्षों से बी ग्रेड स्तर की मान्यता प्राप्त स्थापित कलाकार है। शायद ही प्रदेश को कोई मंच हो जहां पर इनके द्वारा अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा हो। प्रदेश में मनाए जाने वाले अंतराष्ट्रीय व राज्य और जिला स्तरीय मेलों के कल्पना को कार्यक्रम देने के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाता है ।

दूरदर्शन से प्रसारित होने वाली धारावाहिक पढ़ी लिखी लडकी में कल्पना द्वारा विशेष भूमिका निभाई गई है। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा अनेक विडियो एलबम की शूटिंग में नायिका का रोल अदा किया गया है जिनमें डॉ. कृष्णलाल सहगल की विडियो एलबम मेरी जानी रा बसेरा के अतिरिक्त दिल खो गया, परदेशन, मेरे सजना इत्यादि एलबम में कार्य करके प्रदेश की संस्कृति के सरंक्षण एवं संवर्धन में रचनात्मक योगदान दिया गया है।

बीते दिनों कल्पना तोमर ने दूरदर्शन काश्मीर चैनेल में एक धारावाहिक के लिए भी कार्य किया है। इन्हें अनेक संस्थाओं द्वारा बेहतरीन कलाकार के रूप में सम्मानित भी किया गया है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) ठियोग के दो छात्रों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल





**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठियाग के बारहवीं कला संकाय के दो छात्रों उज्जवल शर्मा एवं शिवांश शर्मा ने ईमानदारी का परिचय देते हुए मू 6000 रुपए की राशि इस विद्यालय की ही सम्बधित अध्यापिका को लौटाकर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है।

इस ईमानदारी के लिए विद्यालय का पूरा स्टॉफ एवं छात्र गदगद है। विद्यालय प्रशासन ने उपरोक्त दोनों छात्रों एवं इनके माता-पिता को बधाई दी है तथा विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों से भी ईमानदारी एवं उत्तम संस्कारों को अपनाने की अपील की है। दोनों छात्र एवं इनके माता-पिता बधाई के पात्र है।

**▶▶6000 रुपए की राशि इस अध्यापिका को लौटाकर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है**

साथ ही रेडकॉस सोसायटी जिला शिमला द्वारा नेहरू ग्राऊंड ठियोग में आयोजित किए जाने वाले दो दिवसीय रेडक ॉस मेले के प्रथम दिन की सुबह मैराथॉन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें रा.व.मा.पा. छात्र ठियोग के काव्यांश वर्मा, कृष व हिमांशु कक्षा 11वीं द्वारा दौड़ में कमशः प्रथम, द्वितीय, व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर प्रधानाचार्य व अन्य स्टॉफ ने बधाई दी है। तथा अन्य सभी छात्रों को भइ इस तरह के आयोजनों में बढ़चढ़ कर भाग लेने हेतु प्रेरित किया है।

# अपने घोषणापत्र पर दी गारंटियों को पूरा करें सरकार :नौजवान सभा

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

## भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला इकाई मण्डी ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांगपत्र



भारत की जनवादी नौजवान सभा राज्य अध्यक्ष सुरेश सरवाल ने कहा कि विद्यान सभा चुनावों के दौरान मौजूदा सरकार द्वारा हिमाचल का संकल्प कांग्रेस ही विकल्प नाम से जारी गारंटी कार्ड में युवाओं से संबंधित मुख्य गांरटी लागू करने हेतू आज ज्ञापन पत्र सौंपा गया है। ज्ञापन पत्र के माध्यम से नौजवान सभा सरकार का ध्यान प्रदेश में चुनावों के समय उनकी पार्टी द्वारा जारी गारंटी कार्ड की तरफ आकर्षित करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में कहा था कि एक लाख सरकारी नौकरियां देने का फैसला मंत्रीमंडल की पहली बैठक में लिया जाएगा। 18 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को हर माह 1500 रुपये की सुनिश्चित आय दी जाएगी।

प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में दस-दस करोड़ रुपये का ऋ ण युवा स्टार्ट अप के लिए दिया जाएगा। बिना किसी गारंटी और बिना ब्याज के यह ऋ ण दिया जाएगा। दिसंबर 2022 से ही घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट निशुल्क बिजली देने की घोषणा की थी मगर अभी तक कई मंत्रीमंडल की बैठके हुई हैं परन्तु कोई नई भर्ती प्रदेश में सरकार निकाल पाने में असमर्थ हुई है। शिक्षा क्षेत्र में हजारों पद खाली हैं, उसी तरह जल शक्ति, बिजली, पंचायती राज, परिवहन, स्वास्थ्य व अन्य विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं।

इसके अलावा बाकी की गारंटी भी महज चुनावी घोषणा पत्र तक ही सीमित रह गई हैं। सरकार नौजवानों के साथ किये गये एक लाख सरकारी नौकरी सहित अन्य मुख्य वादों को जल्द पूरा करे। इन सब मांगों को लेकर इस महीने की 16 तारीख को नौजवान सभा पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन करेगी। इस उपलक्ष्य पर सबीर खान, अंकुर शर्मा, पोविंदर, संजय, अभिषेक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

ACTION INDIA
ऊना, 09 मई 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# मुख्यमंत्री की पहल पर मणिपुर के हिंसाग्रस्त क्षेत्र से पांच हिमाचली छात्र सुरक्षित निकाले

## दूरभाष पर संपर्क कर छात्रों ने मुख्यमंत्री से की थी सहायता की अपील

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू एक बार फि र संकटमोचक के रूप में उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में जारी तनाव के बीच वहां शिक्षा ग्रहण करने गए हिमाचल के कुछ बच्चों ने मुख्यमंत्री को फोन कर उनकी वहां से सुरक्षित वापसी (रेस्क्यू) की गुहार लगाई। इसके तुरंत पश्चात एक विशेष अभियान के तहत इन पांच बच्चों को इम्फाल के पूर्वी क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया, जिनमें एक लडकी भी शामिल है।सुरक्षित निकाले गए तीन बच्चे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी के विद्यार्थी, जबकि दो नेशनल स्पोर्ट्स



यूनिवर्सिटी मणिपुर के विद्यार्थी हैं। इनमें सिमरन, सुजल कौंडल, अश्वनी कुमार मंडी जिला, नवांग छेरिंग कुल्लू और केशव सिंह हमीरपुर जिला से संबंध रखते हैं।मुख्यमंत्री व्यक्तिगत तौर पर समय-समय पर अधिकारियों से बचाव अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहे। इन बच्चों को मणिपुर से बाहर निकालने में सबसे बड़ी बाधा इम्फाल से हवाई सेवाओं में सीट की अनुपलब्धता थी। मुख्यमंत्री के आदेश पर अधिकारियों ने इंडिगो से विशेष विमान चलाने का अनुरोध किया और आज सुबह 8:20 बजे उन्हें लेकर इम्फाल से इस विमान ने उड़ान भरी। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के निर्देश पर अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और सेना से संपर्क कर बच्चों को हिंसाग्रस्त क्षेत्र से सुरक्षित एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए मदद मांगी और सेना ने सुबह सवा पांच बजे बच्चों को इम्फाल एयरपोर्ट पर पहुंचाया। वहां से यह बच्चे आज सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर पहुंच गए। इन सभी बच्चों ने संकट की घड़ी में मदद करने के लिए राज्य सरकार और विशेष तौर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया है। मुख्यमंत्री ने न सिर्फ बच्चों की एक फोन कॉल पर यह अभियान शुरू किया, बल्कि उनको सुरक्षित निकालने के लिए व्यक्तिगत तौर पर लगभग 60 हजार रुपये की तत्काल वित्तीय सहायता भी प्रदान की।ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि बच्चों ने हिंसाग्रस्त मणिपुर से उन्हें बाहर निकलने में मदद मांगी थी। उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मणिपुर से अन्य हिमाचलियों को भी सुरक्षित वापस लाने के लिए दूरभाष नंबर जारी किए हैं। इच्छुक व्यक्ति सहायता के लिए टेलीफोन नंबर 89883-41921, 0177-2929688, 0177-2629439 पर संपर्क कर सकते हैं।

# केलांग में वर्ल्ड रेडक्रॉस डे आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जनजातीय जिला लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में कड़ाके की ठंड व हिमपात के बावजूद भी पुराने विश्राम गृह के परिसर में जिला स्तरीय वर्ल्ड रेडक्रॉस डे मनाया गया। केलांग मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों के छात्र और छात्राओं व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ड्रग फ्री हिमाचल थीम को लेकर केलांग बाजार में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने फ्लैग ऑफ कर रैली को रवाना किया। उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व के उन लोगों के लिए समर्पित है जो प्राकृतिक आपदाओं, महामारी और अन्य बीमारियों से ग्रसित, असहाय, गरीब, लाचार व जरूरतमंद लोगों की, रेडक्रॉस सोसाइटियां सहायता के निस्वार्थ भाव से क्रियाशील रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह दिवस अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस और रेड क्रिसेंट आंदोलन के सिद्धांतों को याद करने के लिए भी मनाया जाता है, युद्ध के दौरान असहाय और घायल सैनिकों और नागरिकों की रक्षा करना है। ये दिवस 8 मई को हेनरी डुनेंट की जयंती के रूप में मनाया जाता है। लोग इस मानवतावादी संगठन और उसकी ओर से मानवता की सहायता के लिए अभूतपूर्व योगदान के लिए श्रद्धांजलि देने के लिए याद करते हैं।

उन्होंने कहा कि जिला लाहौल स्पीति में भी ड्रग फ्री हिमाचल थीम को लेकर, नशे के बढ़ते प्रचलन से प्रभावी रूप से निपटने के लिए युवक व महिला मंडल तथा आम जन मानस की सक्रिय भूमिका से ही अंकुश संभव हो सकेगा।

## न्यूज फ्लैश

### उप-मुख्यमंत्री और सीपीएस की नियुक्ति असवैधानिक: जम्वाल



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चीफ पार्लिमेंट सेक्रेटरी की नियुक्तियों के विरोध में भाजपा ने प्रदेश उच्च न्यायालय में एक पिटीशन लगाई है और इन नियुक्तियों को चैलेंज किया है।उन्होंने कहा कि सीपीएस ऑफिस ऑफ प्रॉफिट है और यह नियुक्तियां संविधान के खिलाफ है पूर्व कांग्रेस सरकार ने एक बार पहले भी सीपीएस की नियुक्तियां की थी जो कि रद्द कर दी गई थी और इसके बाद वर्तमान सरकार ने फि र वही गलती दोहराई है इस पिटीशन को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता सतपाल जैन हमारे वकील है।उन्होंने कहा की हमें 100 प्रतिशत विश्वास है कि हमें न्याय मिलेगा, हमें लोकतंत्र और न्यायपालिका में पूरा विश्वास है। जल्द ही सभी सीपीएस को अपने पद छोड? पड़ेंगे, छोटे राज्यों के लिए मंत्री परिषद को लेकर संविधान में रिस्ट्रिक्शन लगाई गई है।

प्रदेश सरकार को संविधान को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान को उठाकर देख लीजिए संविधान में मुख्यमंत्री और मंत्री परिषद का जिक्र है पर उप मुख्यमंत्री पद का जिक्र नहीं है। प्रदेश सरकार ने केवल अपने नेताओं को एडजस्ट करने के लिए कई नियुक्तियां की है पर यह सभी नियुक्तियां संविधान के खिलाफ है।

### धर्मपुर के पैहड़ पंचायत में अमीर आईआरडीपी में भी और एनएफ एसए में भी हैं शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की पैहड़ पंचायत में कई अमीर व नौकरी पेशा लोग आईआरडीपी में शामिल हैं जबकि कई खाद्य सुरक्षा के लिए बनाए गए एनएफ एसए में भी शामिल होकर गरीबों के हक व राशन को डकार रहे हैं। इस बारे में कृष्ण चंद पुत्र स्वर्गीय चैत्रू राम गांव बनेरटी डाकघर पैहड़ ने बताया कि उन्होंने हर स्तर पर इस बारे में शिकायतें की। बकायदा ऐसे लोगों के नाम दिए मगर कोई असर नहीं हुआ। 30 सालों से आईआरडीपी में रह कर हर सुविधा हासिल करने वालों को अब एनएफ एसएस में डालकर मुफ्त व सस्ता राशन दिया जा रहा है जो नियमानुसार गरीब लोगों को मिलना चाहिए। इस बारे में उन्होंने उपायुक्त मंडी को जो शिकायत पत्र दिया था उसके अनुसार उननिदेशक एवं परियोजना अधिकारी जिला डीआरडीए मंडी ने खंड विकास अधिकारी धर्मपुर को इसकी छानबीन का जिम्मा अपने पत्र संख्या 8052 के तहत सौंपा है।

### भारत में हर 4 में से 3 लोग नोमोफोबिया के शिकार ओप्पो काउंटरपॉइंट स्टडी

**शिमला:** वैश्विक स्मार्ट डिवाइस ब्रांड ओप्पो ने एक विश्लेषक फर्म काउंटरपॉइंट के साथ मिलकर एक उपभोक्ता अध्ययन किया। यह उपभोक्ता अध्ययन नोमोफोबिया कम बैटरी की चिंता से उपजा है।इस रिपोर्ट में यह बताया गया है कि भारत में हर चार में से तीन लोगों को नोमोफोबिया है यानी अपने स्मार्टफोन से अलग होने का डर।रिपोर्ट का शीर्षक नोमोफोबिया लो बैटरी एंग्जाइटी कंज्यूमर स्टडी रखा गया है। इसमें उपभोक्ताओं की मानसिकता में यह समझने की कोशिश की गई है कि कैसे फोन की खत्म होती बैट्री इस फोबिया को बढ़ाती है।ओप्पो इंडिया के सीएमओ दमयंत सिंह खनोरिया ने कहा ओप्पो को अपने टेक्नोलोजी के नवीनीकरण पर गर्व है और हम उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझने के लिए लगाता अध्ययन पर भरोसा करते हैं। हमारा मिशन ऐसे उत्पादों और अनुभवों का निर्माण करना है जो दुनिया के लिए स्थायी मूल्य और नेक इरादे लाते हैं।यह अध्ययन नोमोफोबिया के बारे में काफी कुछ बताता है जिससे ओप्पो को इसमें बताई गई जरूरतों और चिंताओं को दूर करने वाले समाधान प्रदान करने में मदद मिलेगी।

# नेताओं की संपतियां बढ़ने से नहीं होगा भारत विकसित राष्ट्र: बलवीर

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

किसान योद्धा सरदार रुडका सिंह कल्याण समिति के अध्यक्ष इंजीनियर बलवीर चौधरी तथा महासचिव कैप्टन अमरीक सिंह ने सोमवार को सांझा ब्यान में कहा कि यदि भारत के नेताओं की संपत्तियों में इसी तरह इजाफा होता रहा, तो भारत कभी भी विकसित राष्ट्र नहीं बन पाऐगा। बलवीर चौधरी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ने से कोई भी देश विकसित देशों की श्रेणी में आ जाता है।

विकसित देशों में हर नागरिक को मुफ्त शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा दी जाती है। विकसित देशों में हर नागरिक को रोजगार दिया जाता है। विकसित देशों में जनसंख्या पर नियंत्रण रखा जाता है। विकसित देश इतने सक्षम हैं कि वो दूसरे देशों के नागरिकों को भी रोजगार उपलब्ध करवाकर अपने नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा देते हैं। भाजपा कर्नाटक से दो सासंद तथा पीलीभीत उत्तरप्रदेश से एक सांसद की संपत्ति राहुल गांधी की सम्पति से कई गुणा अधिक हो चुकी है। राहुल गांधी की सम्पति 16 करोड़ है।

# उपायुक्त अपूर्व देवगन ने तीसा में कार्यों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने विकासखंड तीसा का दौरा कर ग्रामीण विकास योजनाओं के अंतर्गत जारी कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सभागार में ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा को लेकर आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता भी की।बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा विशेष रूप से मौजूद रहे। ग्रामीण विकास योजनाओं के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए अपूर्व देवगन ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम पंचायतों को खुला



शौच मुक्त (ओडीएफ ) घोषित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश जारी किए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारी को इससे संबंधित कार्यों में विशेष प्राथमिकता रखने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाना सुनिश्चित बनाया जाए। अपूर्व देवगन ने कहा कि चूंकि ग्रामीण विकास से संबंधित सभी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए खंड विकास कार्यालय की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। ऐसे में खंड विकास कार्यालय से संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इन्हें समयबद्ध तौर पर पूरा करना सुनिश्चित बनाएं।

# बुजुर्ग को गाड़ी में ले मौका देखने पहुंचे एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

ऊना जिला मुख्यालय पर भतार एसडीएम तैनात किए गए युवा हिमाचल प्रशासनिक अधिकारी विश्व मोहन देव चौहान लोगों में खासे लोकप्रिय होते जा रहे हैं। एसडीम का लोगों की समस्याओं के त्वरित निपटान के लिए एक्शन में आना इसका एक प्रमुख कारण है। सोमवार को एसडीम के पास शिकायत लेकर पहुंचे अजौली पंचायत के 86 वर्षीय प्रेमचंद की समस्या का निपटारा करने के लिए खुद अधिकारी बुजुर्ग को अपनी गाड़ी में लेकर मौके की तरफ निकल गए। बुजुर्ग प्रेमचंद ने



बताया कि वह एनएफएल से सेवानिवृत हैं और उन्होंने अपना मकान भटोली कॉलेज के सामने बना रखा है। यहां पानी निकासी को लेकर कई सालों से परेशानी चल रही है और बरसात में पानी ओवरफलो होकर उनके मकान और कई दुकानों में घुस जाता है। आज दिन तक इस समस्या को लेकर वह कई बार सरकारी दफ्तरों में गए, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान ने प्रेम चंद को साथ लेकर मौका का विजिट किया। इस दौरान बीडीओ ऊना केएल वर्मा भी मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री मुकेश आज चिंतपूर्णी में

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 9 मई मंगलवार को प्रातः 10.30 बजे चिंतपूर्णी से दिल्ली वॉल्वो बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जानकारी जिलाधीश ऊना राघव शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा उपमुख्यमंत्री सामुदायिक सदन एवं माडर्न कम्पलैक्स माधो का टिल्ला और स्मार्ट एलईडी व लाईटिंग प्रौजेक्ट भरवाई का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री चिंतपूर्णी मंदिर में माता श्री चिंतपूर्णी जी लाईब्रेरी और सीसीटीवी सर्वेलाईन्स सिस्टम का लोकार्पण करेंगे।

# रेड क्रॉस संस्था असहाय एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर: देवेंद्र भुट्टो



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

रेड क्रॉस संस्था असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता करने में हमेशा तत्पर रहती है, ताकि अधिक से अधिक लोगों की मदद की जा सके। यह बात कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक देवेंद्र भुट्टो ने अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर बंगाणा के डूमखर आईटीआई में आयोजित जिला स्तरीय रेड क्रॉस कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। भुट्टो ने रेडक्रॉस कार्यक्रम का बंगाणा में आयोजन करने के लिए जिला रेडक्रॉस सोसाइटी का धन्यावाद करते हुए कहा कि इससे क्षेत्रवासियों को घर द्वार पर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हुई हैं। उन्होंने कहा कि बंगाणा विधानसभा क्षेत्र में कुछ क्षेत्र पिछड़े हुए हैं, उन क्षेत्र के लोगों को इस शिविर का काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी तीन-चार माह के अंतराल में इस तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के सभी लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि बंगाणा विस में शिक्षा, स्वास्थ्य इत्यादि सभी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे, ताकि लोगों को सभी सुविधाएं मिल सकें। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने कहा कि रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों ने प्रदर्शनियां, रक्तदान शिविर, दिव्यांगता आंकलन, मेडिकल बोर्ड, ओपीडी, टीबी स्क्रीनिंग तथा निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला में नशे की समस्या से छुटकारा पाने के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी गुंजन संस्थान के साथ मिलकर एक वर्ष का अभियान चलाएगी, ताकि युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से जागरूक किया जा सके। प्रदेश रेड क्रॉस सोसाइटी के संरक्षक सुरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी निस्वार्थ भाव से दिन-रात लोगों की सेवा में कर रही है। उन्होंने कहा कि मानवता सेवा करना ही रेड क्रॉस संस्था का मकसद है। इस मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा नशे के दुष्प्रभावों बारे लघु नाटिका, पहाड़ी नाटी, गिद्दा एव आंगनबाड़ी वर्करों द्वारा बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं पर लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।

# कण्डाघाट में निर्मित होगा बाबा भलकू प्रवेश द्वार: डॉ. शांडिल

**टीम एक्शन इंडिया/कंडाघाट/योगेश शर्मा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मन्त्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि सोलन जिला सहित देश विदेश के पर्यटकों को बाबा भलकू के अविस्मरणीय कार्यों की जानकारी देने के लिए सोलन जिला के कण्डाघाट में राष्ट्रीय राजमार्ग पर भव्य बाबा भलकू प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा। डॉ. शांडिल गत सांय कण्डाघाट एवं आसपास के क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्ग के फोर लेन कार्य के निरीक्षण के उपरांत जिला प्रशासन, लोक निर्माण



विभाग तथा राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि कालका-शिमला रेलमार्ग के निर्माण में कण्डाघाट उपमण्डल के झाझा गांव के निवासी स्व. बाबा भलकू का विशिष्ट योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि इस रेलमार्ग की सबसे लम्बी बड़ोग सुरंग के निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों में बाबा भलकू का योगदान तत्कालीन अंग्रेज इंजीनियरों द्वारा भी दस्तावेज के रूप में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को यह पता होना चाहिए कि देश व प्रदेश के ऐसे ज्ञानवान व्यक्तियों द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों सहित अन्य विकास कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। उन्होंने कहा कि कण्डाघाट विकास खण्ड के दौलग गांव के समीप से बनाए जा रहे फ्लाई ओवर के साथ बाबा भलकू की स्मृति में भव्य प्रवेश द्वार निर्मित किया जाएगा। उन्होंने इस संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को उचित निर्देश जारी किए।स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने निर्देश दिए कि चम्बाघाट से कैथलीघाट तक राष्ट्रीय राजमार्ग के 22.911 किलोमीटर लम्बे निर्माण कार्य को इस वर्ष दिसम्बर तक पूर्ण किया जाए।

# 2023-24 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 3 हजार 139 करोड़ के बजट का प्रावधान

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जा रही है स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वर्ष 2023-24 के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 3 हजार 139 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार के इन कदमों से चिकित्सा क्षेत्र मे व्यवस्था परिवर्तन साफ दिख रहा है। कुल्लू जिला भी व्यवस्था परिवर्तन से अछूता नही है जिले में प्रदेश सरकार के गठन के उपरांत स्वास्थ्य संस्थानों को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा अनेक पग उठाए गए हैं। जिले के चिकित्सा संस्थानों में रिक्त पड़े चिकित्सकों तथा पैरामेडिकल स्टाफ के पद भरे जा



रहे हैं। जिला के सबसे बड़े अस्पताल क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में चिकित्सकों के सभी पर पद भरे जा चुके हैं इसके अलावा अस्पताल आने वाले रोगियों को अस्पताल मे ही अल्ट्रासाउंड तथा अन्य टेस्ट सुविधाएं प्रदान की जा रही।चिकित्सको के पद भरे जाने व अल्ट्रासाउंड सुविधा आरंभ होने से अब अस्पताल मे ही जटिल ऑपरेशन किये जा रहे हैं जिस के लिए पहले नेरचोक मेडिकल कॉलेज, आईजीएमसी शिमला या पीजीआई चंडीगढ़ जाना पड़ता था। परन्तु अब सभी उपचार सुभिधा अस्पताल में ही उपलब्ध करवाई जा रही है।गत दिनों एक जटिल मामला क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू आया। बिजली विभाग के 55 वर्षीय अधिशासी अभियंता वीरेंद्र शर्मा गत दिनों एक पेड़ के आचानक गिरने से घायल हो गए थे। इस दौरान उनकी बायं बाजू की दोनों हड्डियों सहित कलाई की हड्डी भी टूट गई। चिकित्सको द्वारा उन्हें प्राथमिक उपचार के उपरांत ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक बधन व उनकी टीम ने 5 घंटे की कड़ी मशकत के बाद ऑपरेशन करने मे सफलता पाई।सीएमओ कुल्लू डॉ नागराज पवार ने बताया कि एनेस्थीसिया और आथोर्पेडिक्स दोनों दृष्टिकोण से यह एक उच्च जोखिम वाली सर्जरी थी ऑपरेटिंग टीम में डॉ अभिषेक बधन (ऑथोर्पेडिक्स सर्जन), डॉ. निशिता (एनेस्थेटिस्ट), ओटी-निर्मला और प्रकाश, स्टाफ नर्स-उषा और नीलम शामिल थे पांच घंटो तक चली इस सर्जरी के बाद अब मरीजअब पूरी तरह स्वस्थ है ।और चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नागराज पंवार ने बताया कि अक्सर फ्रैक्चर वाली ऐसी सर्जरी आमतौर पर मेडिकल कॉलेज में की जाती हैं ।चिकित्सको का यह प्रयास सराहनीय है।

उन्होंने कहा कि मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर के अथक प्रयासों से आरएच कुल्लू में चिकित्सकों के सभी पद भरे गए हैं और अन्य सुविधाएं विकसित की गई हैं इसी की बदौलत अब क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में नियमित रूप से ऐसे जटिल ऑपरेशन संभव हो सके।

# कोटला कलां में राहगीर महिला से हुई स्नेचिंग

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला मुख्यालय के साथ लगते कोटला कलां में एक राहगीर महिला से स्नेचिंग हुई है। स्कूटी सवार दो युवक स्कूटी पर सवार होकर पहुंचे और कानों की बालियां छीनकर टक्का रोड़ की तरफ फरार हो गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात लूटरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पुष्पा देवी निवासी कोटला कलां ने बताया कि रविवार देर शाम को बाबा बाल जी महाराज के आश्रम से पैदल अपने घर को जा रही थी।

**Name Change**

I, hitherto known as SUMNA KUMARI W/O MANOHAR LAL R/O Village & Post Office-Basaral, Tehsil-Nadaun Basaral (17/43), Hamirpur, Himachal Pradesh-177301 have changed my name and shall hereafter be known as SUMNA DEVI

## संपादकीय

# आचार्य महावीर द्विवेदी और 'सब तज, हरि भज'

**आचार्य** महावीर प्रसाद द्विवेदी की 159वीं जयंती नौ मई को है। यह हिंदी के प्रथम आचार्य को शत-शत नमन करने का दिन है। यह उनके ध्येय वाक्य 'सब तज, हरि भज' का मर्म समझने का भी है । हिंदी की इस मसल का असल भावार्थ नहीं है लेकिन हिंदी के प्रथम आचार्य माने गए महावीर प्रसाद द्विवेदी के लिए इस मसल के मायने सब काम-धाम छोड़ सिर्फ माला फेरना नहीं है। उनकी जीवन चर्या में ईश पूजा कभी शामिल नहीं रही। गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस और बृजवासी दास के ब्रजविलास ग्रंथों पर उनका बचपन से अनुराग अवश्य रहा। कर्मयोगी आचार्य द्विवेदी के लिए 'सब तज, हरि भज' मसल नहीं आदर्श वाक्य है। सूत्र है, अपना काम निष्ठा, लगन और ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित करने वाला। दो मई 1933 को काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा अभिनंदन ग्रंथ प्रदान करने के वक्त दिए गए अपने 'आत्म निवेदन' में वह कहते हैं -'रेलवे की नौकरी छोड़ने पर मेरे मित्रों ने कई प्रकार से मेरी सहायता करने की इच्छा प्रकट की पर मैंने सबको अपनी कृतज्ञता की सूचना दे दी और लिख दिया कि अभी मुझे आप के साहाय्यदान की विशेष आवश्यकता नहीं। मैंने सोचा अव्यवस्थित चित्त मनुष्य की सफलता में सदा संदेह रहता है। क्यों न मैं अंगीकृत कार्य ही में अपनी सारी शक्ति लगा दूं? प्रयत्न और परिश्रम की बड़ी महिमा है। अतएव 'सब तज, हरि भज' की मसल को चरितार्थ करता हुआ इंडियन प्रेस के प्रदत्त काम ही में मैं अपनी शक्ति खर्च करने लगा।' उन्होंने अपना सारा जीवन संपादन और भाषा सुधार में खपा दिया। व्याकरण सम्मत भाषा निर्माण के लिए उनके अपने समय के लेखक- संपादक से 'लट्ठम-लट्ठ' के एक नहीं कई किस्से चर्चित ही हैं। ऐसा ही एक चर्चित किस्सा भारत मित्र के संपादक बालमुकुंद गुप्त और आचार्य द्विवेदी के बीच अस्थिर एवं अनस्थिर शब्द को लेकर हुए वाद-विवाद का है। यह विवाद बरसों चला। उस पर विस्तार की जरूरत नहीं। अनस्थिर शब्द की प्रामाणिकता पर आचार्य द्विवेदी ने 21 अक्टूबर 1927 को एक लंबा लेख लिखा। लेख का यह अंश कम लोगों ने ही पढ़ा होगा-'कुछ लोगों ने अनस्थिरता को अशुद्ध और अस्थिरता को शुद्ध बताया था। अनस्थिरता हिंदी भाषा का वैसा ही शब्द है जैसा अनगिनत, अनबन, अनबोला अनमोल आदि। परंतु यदि अनस्थिरता संस्कृत भाषा का शब्द माना जाए तो संस्कृत व्याकरण के अनुसार भी वह शुद्ध ही है। यथा, न विद्यते अस्थिरं यस्मात तत अनस्थिरं, तस्य भावः अनस्थिरता। अर्थात जिससे बढ़कर अस्थिर वस्तु और कोई है ही नहीं, उसे अनस्थिर कहना चाहिए। उसी से अत्यंत अस्थिर का भाव सूचित होता है। ऐसे कई प्रयोग संस्कृत भाषा में पाए जाते हैं। देखिए, गंगातीरमनुत्तमं ही सफलं तत्रापि काश्युत्तमा-यह एक प्रसिद्ध श्लोक का पहला चरण है। इसमें अनुत्तम शब्द का अर्थ अत्यंत उत्तम है। विवादियों ने अपनी अज्ञानता के कारण इस शब्द को अशुद्ध बताकर व्यर्थ ही अपना और दूसरों का समय नष्ट किया था। (आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के श्रेष्ठ निबंध संपादक विनोद तिवारी पृष्ठ 128) इस विवाद का पटाक्षेप भी नाटकीय तरीके से हुआ। काशी नागरी प्रचारिणी सभा की तीखी आलोचना से व्यथित होने वाले केदारनाथ पाठक भी विनम्र व्यवहार देखकर द्विवेदी जी के मुरीद हो गए थे।

# महान योद्धा थे महाराणा प्रताप



रमेश सर्राफ धमोरा

> महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी। 18 जून 1576 को महाराणा प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी

**महाराणा** प्रताप मेवाड़ के शासक और एक ऐसे महान वीर योद्धा थे जिन्होंने कभी मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नही की। महाराणा प्रताप जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे और कभी हार नही मानी। उनका जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदय सिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चित्तोड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चित्तोड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चित्तोड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चित्तोड़गढ़ जाने से मना कर दिया। गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतो ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला। 1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चित्तोड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चित्तोड़गढ़ को पुनः



देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चित्तोडगढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतो को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया। महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया।

महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी। 18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी। महाराणा प्रताप की सेना मुगलों की सेना को खदेड़ रही थी। महाराणा प्रताप की सेना में झालामान, डोडिया भील ,रामदास राठोड़ और हाकिम खा सूर जैसे शूरवीर थे। मुगलों के पास तोंपे और विशाल सेना थी।

लेकिन प्रताप की सेना के पास केवल हिम्मत और साहसी जांबाजो की सेना के अलावा कुछ भी नही था। महाराणा प्रताप के बारे में कहा जाता है कि उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच का वजन 72 किलो हुआ करता था। इस तरह वह भाला, कवच, ढाल और तलवारों को मिलाकर कुल 200 किलो का वजन साथ लेकर युद्ध करते थे। इतिहासकार कर्नल टॉड ने हल्दी घाटी के युद्व को मेवाड़ की थर्मोपल्ली की संज्ञा दी है। इस युद्व में महाराणा प्रताप का स्वामी भक्त एवं प्रिय घोड़ा चेतक मारा गया। हल्दी घाटी के युद्व में पराजय के बावजूद महाराणा प्रताप के यश और कीर्ति में कोई कमी नहीं आई। बल्कि हल्दी घाटी को इस युद्व ने समूचे भारत के स्वाधीनता प्रेमियों के लिए पूजनीय क्षेत्र बना दिया। वहीं इस युद्व ने महाराणा प्रताप को जननायक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्व कर दिया।

हल्दी घाटी के युद्व के बाद महाराणा प्रताप के जीवन में जिस संकट काल का प्रारंभ हुआ वह लगभग दस वर्ष (1576-1586) तक चला और बीतते समय के साथ वह अधिक विषम होता चला गया। इस दौरान गोगुन्दा से दक्षिण में स्थित राजा गांव में महाराणा के परिवार को घास की रोटी भी नसीब नहीं हुई और एक बार वन विलाव उनके भूखे बच्चों के हाथ से घास की रोटी भी छीन कर ले गया था। इस संकट के समय में महाराणा प्रताप के मंत्री भामाशाह और उनके भाई ताराचंद ने मुल्क मालवे से दण्ड के 25 लाख रूपए तथा 20 हजार स्वर्ण मुद्राएं उनकों भेंट कर अपनी स्वामी भक्ति का परिचय दिया। इस धन से उन्होंने पुनः सेना जुटाकर दिवेर को जीत लिया और चांवड पंहुचकर अपना सुरिक्षत मुकाम बनाया। मेवाड़ के बचे हुये भू भाग पर फिर से महाराणा का ध्वज लहराने लगा। बांसवाडा और डूंगरपुर के शासकों को भी पराजित कर प्रताप ने अपने अधीन कर लिया। अकबर के आक्रमक अभियानों की समाप्ति के बाद मेवाड़ में नए युग का सूत्रपात हुआ। महाराणा प्रताप ने एक वर्ष में ही चितौड़गढ़ और जहाजपुर को छोडकर सम्पूर्ण मेवाड़ पर सत्ता कायम कर ली। उन्होंने चांवड को अपनी राजधानी बनाकर सारे राज्य में शांति व्यवस्था कायम की। महाराणा प्रताप कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ पीडितों और विद्वानों का आदर भी करते थे। उनकी प्रेरणा से ही मथुरा के चक्रपाणी मिश्र ने विश्व वल्लभ नामक स्थापत्य तथा मुहूर्त माला नामक ज्योतिष ग्रंथ की रचना की। चांवड मे चावंड माता के मंदिर का निर्माण भी महाराणा प्रताप ने ही करवाया था। उनके दरबार में कई विख्यात चारण कवि थे। जिनमें कविवर माला सांदू और दुरासा आढा ने उनकी प्रंशसा में उच्च कोटि की काव्य रचना की। सादड़ी में जैन साधू हेमरत्न सूरि ने गोरा बादल-पद्मिनी चौपाई की रचना भी महाराणा प्रताप के समय ही की थी। महाराणा प्रताप ने चावंड को चित्रकला का केन्द्र बनाकर नई चित्र शैली मेवाड शैली का प्रारम्भ करवाया था। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में अपने पहले पुत्र अमर सिंह को सिंहासन पर बैठाया। महाराणा प्रताप शिकार के दौरान बुरी तरह घायल हो गये और उनकी 56 वर्ष की आयु में मौत हो गयी। उनके शव को 29 जनवरी 1597 को चावंड लाया गया। इस तरह महाराणा प्रताप इतिहास के पन्नो में अपनी बहादुरी और जनप्रियता के लिए अमर हो गये।

## कविता

### इन्द्रराज दिलाए दोस्त

इंद्र देव सा राज भी मिल जाए
गुल-पोश बनाए जीवन अनमोल
जब एहसास जीने का करवाए दोस्त !
रेत के घरोंदों में मुबहम हो राहें
मँजिल जब हो कोसों दूर
रास्ता दिखाए इक अच्छा दोस्त !
तनाव के भुजन्गों से लिपटा जीवन
महक वृक्ष चंदन भी भूल जाए
प्यासे जीवन में महक का
एहसास करवाए सच्चा दोस्त !
कस्तूरी से मृग रहे जब बेखबर
मन विचरे इधर-उधर
भीतर बसती खुशबू का
राज बताए सच्चा दोस्त !
पंख लगे हों बदन पर बेशक
उड़ने को हो किन्तु लाचार
भरोसा नभ पर उड़ने का
मन में जगाए सच्चा दोस्त !
इंद्र देव सा राज भी मिल जाए गर
तपस्या से सींचा जाए जीवन
ख़्वाबों का एवान दिलवाए
खुशहाली लाए सच्चा दोस्त !

मुनीष भाटिया

## घाटी की वादियों में दाखिल होंगे दुनिया के दिग्गज!

**किशन भावनानी**

**वैश्विक** स्तरपर यह प्रसिद्ध है कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक वह इलाका है, जो स्वर्ग या जन्नत के रूप में जाना जाता है। और हर किसी की यह अभिलाषा रहती है कि एक बार जम्मू-कश्मीर की वादियों से जरूर होकर आएं पर एक जमाना था, वहां भारी आतंकवाद के चलते कोई जा नहीं सकता था परंतु अगस्त 2019 में केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर से संविधान के अनुच्छेद 370 को हटा दिया था। जिसे संसद के दोनों सदनों में पारित कर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अनुच्छेद 370 रद्द हो गया था और इसे दो अलग अलग हिस्सों में विभाजित कर उसे केंद्रशासित प्रदेश घोषित कर दिया गया था जो अब जम्मू कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश के रूप में जाने जाते हैं। चूंकि जी20 का पर्यटन सम्मिट श्रीनगर में होने की घोषणा की गई है, इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे, कश्मीर घाटी की वादियों में दाखिल होंगे दुनिया के दिग्गज !साथियों बात अगर हम श्रीनगर में 22-25 मई 2023 को होने वाले सम्मिट की करें तो कश्मीर घाटी अंतरराष्ट्रीय पर्यटन पर जी-20 बैठक की मेजबानी करेगी,जिसमें श्रीनगर बैठकों का मुख्य स्थान होगा। हालांकि विशेष बलों और ड्रोन रोधी तकनीक के साथ हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है लेकिन सुरक्षा कारणों से मुख्य स्थल की घोषणा नहीं की गई है। मीडिया में आया है कि चीन को छोड़कर जी20 के सभी देशों के प्रतिनिधि 23 मई को श्रीनगर में पर्यटन के कार्यकारी समूह की बैठक में भाग लेंगे। जी20 के प्रतिनिधि 22 मई को श्रीनगर पहुंचेंगे और 23 मई को बैठक होगी। 24 मई को प्रतिनिधियों को प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। दूसरे देशों से आए प्रतिनिधियों को घाटी के दर्शन कराए जाएंगे जिसमें डल झील,शिकारा की सवारी दाचीगाम वन्यजीव अभ्यारण्य और गुलमर्ग का स्की रिसॉर्ट शामिल है, इसके बाद प्रतिनिधियों का 25 मई को नई दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है, हालांकि सुरक्षा कारणों से सटीक यात्रा कार्यक्रम को गुप्त रखा गया है। साथियों बात अगर हम सुव्यवस्था और सुरक्षा की करें तो जी20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक की मेजबानी करने की तैयारी में सरकार और लोग समान रूप से भाग ले रहे हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है, तैयारियां जोरों पर हैं। श्रीनगर को एक वैश्विक शहर के रूप में केंद्र स्तरपर लाने और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

श्रीनगर के निवासी शहर के कायाकल्प के लिए सरकार के सभी प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद वे शिकायत नहीं कर रहे हैं। लोग सहयोग कर रहे हैं क्योंकि वे समझ गए हैं कि उनका शहर एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जो श्रीनगर को वैश्विक महत्व के पर्यटन केंद्र में बदल देगा।

## विचार

# आखिर कब तक उड़ता रहेगा यह उडन ताबूत?

**अमरपाल सिंह वर्मा-**

**वायुसेना** का एक और मिग-21 लड़ाकू विमान आज सुबह राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में बहलोलनगर गांव के पास क्रेश हो गया। सौभाग्य से विमान का पायलट बच गया लेकिन हादसे की वजह से गांव की तीन महिलाओं की जान चली गई। क्रेश होने के बाद यह विमान एक मकान पर गिरा, जिससे इन महिलाओं को जान से हाथ धोना पड़ा। मिग-21 के क्रेश होने की इस घटना के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि उडन ताबूत कहा जाने वाला यह लड़ाकू विमान आखिर कब तक उड़ता रहेगा और कब तक हम इस तरह के हादसों को होते देखते रहेंगे? हमारी वायुसेना के के लिए मिग-21 विमान 1960 में तत्कालीन सोवियत संघ से खरीदे गए। इन विमानों को 1963 में वायुसेना में शामिल किया गया। एक जमाना था, जब हम मिग-21 को गर्व से फौज की रीढ़ कहते नहीं थकते थे। सन 1971 की जंग में मिग-21 का योगदान अविस्मरणीय है। उस समय मिग-21 ही था, जिसने दुश्मन के लड़ाकू विमानों को करारी मात दी पर पिछले तीन दशक से जिस तरह इसके हादसे बढ़े हैं, तब से इसकी उपादेयता पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है। इसे न युद्ध के लिए मुफीद माना जा रहा है और न नियमित प्रशिक्षण उड़ान के काबिल। इसकी वजह मिग-21 के लगातार दुर्घटनाग्रस्त होना है। मिग-21 इतनी ज्यादा बार क्रेश हुआ है और इसकी वजह से हमारे इतने अधिक जांबाज जवानों की शहादत हुई है कि अब इसकी पहचान उड़ते ताबूत के रूप में स्थापित हो चुकी है। हनुमानगढ़ जिले में आज हुआ मिग-21 हादसा कोई नई बात नहीं है। मिग-21 के क्रेश होने की घटनाएं इतनी आम हो चुकी हैं कि जब भी एयरफोर्स के किसी फाइटर प्लेन के क्रेश होने की खबर आती है तो आम आदमी भी कह उठता है-मिग-21 ही गिरा होगा। सवाल उठता है कि आखिर इस तरह की परिस्थिति क्यों पैदा हुई है? जवाब है मिग-21 के बार-बार क्रेश होने की घटनाएं। पिछले पांच दशक में चार सौ से अधिक मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो कर जमींदोज हो चुके हैं और इसकी कीमत देश को दो सौ से ज्यादा जांबाज पायलटों को खोकर चुकानी पड़ी है। हादसों में करीब पचास नागरिकों की मौतें भी हुई हैं। विमानों के साथ हादसे का डर हमेशा बना रहता है। दुनिया भर में विमान हादसे होते रहते हैं लेकिन मिग-21 जिस प्रकार हादसों का पर्याय बना हुआ है, वह चिंताजनक है। सन 2012 में तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंथनी द्वारा संसद में दिए बयान पर गौर करें तो रूस से खरीदे गए 872 मिग विमानों में आधे से ज्यादा हादसे का शिकार हो चुके हैं। यह आंकड़ा तो वर्ष 2012 का है, इसके बाद तो अनेक हादसे और हो चुके हैं।

1960 में भारत ने मिग-21 विमान तत्कालीन सोवियत संघ से खरीदे थे। वहां 1985 में ही इन विमानों को सेना से हटा दिया गया। इसके उपरांत अफगानिस्तान और बांग्लादेश भी इसे रिटायर कर चुके हैं। हमारे यहां इन विमानों को नब्बे के दशक में रिटायर किया जाना था लेकिन इन्हें अभी तक इस्तेमाल किया जा रहा है। हमारी वायुसेना मिग-21 विमानों को अपग्रेड करके इस्तेमाल कर रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हमारी वायुसेना मिग-21 को इसलिए रिटायर नहीं कर पा रही है क्योंकि इसके बदले में उसे जितने विमानों की जरूरत है, वह उसके पास नहीं है। हालांकि वायुसेना में नए विमान शामिल किए जा रहे हैं मगर उनकी तादाद में अपेक्षित संख्या से कम है। बीबीसी की एक रिपोर्ट पर भरोसा करें तो पायलट मिग विमानों के कुछ मॉडल्स में दिक्कतों के बारे में निरंतर शिकायत करते हैं। शिकायतों के अनुसार इनकी लैंडिंग बहुत तेज होती है एवं इनकी कॉकपिट विंडो ऐसी है कि उससे पायलट को रनवे ढंग से नजर ही नहीं आता। फिर इनका सिंगल इंजन होना सर्वाधिक खतरे की घंटी है। परिंदों के टकराने से मिग-21 के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका अधिक रहती है। इसका इंजन अक्सर उड़ते समय फेल हो जाता है। इसका परिणाम मिग-21 के क्रेश होने के रूप में सामने आता है। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में आज सुबह हुआ मिग-21 हादसा इसका ताजा उदाहरण है। सरकार की योजना है कि मिग-21 को चरणबद्ध तरीके से 2025 तक वायुसेना के बेड़े से बाहर कर दिया जाए लेकिन बड़ा सवाल यह है कि तब तक न जाने और कितने मिग-21 जमींदोज हो चुके होंगे और न जाने हमें कितने जांबाज पायलट को शहीद होते हुए देखना पड़ेगा?


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा

**रवि रंजन**

**वर्ष** 2023 में भारत की शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता का विषय 'शंघाई सहयोग संगठन को सुरक्षित करना' है। भारत इस क्षेत्र में बहुपक्षीय, राजनीतिक, सुरक्षा, आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच संपर्क को प्रोत्साहन देने में शंघाई सहयोग संगठन को विशेष महत्व देता है। शंघाई सहयोग संगठन के साथ चल रहे संपर्क ने भारत को उस क्षेत्र के देशों के साथ अपने संबंधों को प्रोत्साहन देने में सहायता की है जिसके साथ भारत ने सभ्यतागत संबंध साझा किए हैं, और इसे भारत का विस्तारित पड़ोस माना जाता है। शंघाई सहयोग संगठन सदस्य देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने, सभी सदस्य देशों की समानता और उनमें से प्रत्येक की राय के लिए आपसी समझ और सम्मान के सिद्धांतों के आधार पर अपनी नीति का पालन करता है। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद वे प्रमुख खतरे हैं जिन पर शंघाई सहयोग संगठन विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के विरुद्ध संघर्ष में सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना का निर्माण किया गया है। फ्ब्अळर क्षेत्र में आतंकवाद को रोकने और इससे मुकाबला करने के लिये खुफिया जानकारी की साझेदारी, संयुक्त अभ्यासों एवं अभियानों के आयोजन और कार्रवाई के समन्वयन के लिये एक मंच प्रदान करता है। शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों, पर्यवेक्षकों और भागीदारों के समग्र सांस्कृतिक धरोहर में 207 यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल शामिल हैं। शंघाई सहयोग संगठन सदस्य देशों ने एक रोटेटिंग पहल के तहत हर साल शंघाई सहयोग संगठन सदस्य देशों के किसी एक शहर को पर्यटन एवं सांस्कृतिक राजधानी के रूप में नामित करने का निर्णय लिया है।

इस क्रम में काशी (वाराणसी) को शंघाई सहयोग संगठन की पहली सांस्कृतिक राजधानी के रूप में नामित किया गया है। शंघाई सहयोग संगठन के आठ सदस्य देश वैश्विक आबादी के लगभग 42% और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के 25% का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं।

# आपसे नहीं हो पाएगा

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

"**आप रहने** ही दीजिए। आपसे नहीं हो पाएगा। भैया जी आज के जमाने में लोगों को ज्ञान देने के लिए उन्हें अज्ञानी बनाना जरूरी है। केवल वाट्सप ग्रुप बनाकर एडमिन बने रहने से सिर्फ घांस छील पाओगे। ऐसा करते रहोगे तो समझो हो गया, कारवाँ गुजर जाएगा और आप गुबार में ही फसें रहोगे। टुकड़ों में यहाँ-वहाँ से बटोरने से कुछ नहीं होता। यह फेंकू ज्ञान है। असली ज्ञान से भी ज्यादा कीमती। असली ज्ञान की तथ्यता स्त्रोतों, संदर्भों, इंटरनेट से सिद्ध हो जायेंगे। लेकिन फेंकू ज्ञान को जलेबीदार उलझाऊ बातों से सिद्ध करना पड़ता है। समझे बरखुरदार! मैं और मेरे जैसे अनेक बंधु ताजमहल, ज्ञानवापी, कुतुब मीनार, जामा मस्जिद, लाल किला देखकर लौट भी आये और अब खुदाई करने वालों सहित सब को अपना ज्ञान रोजाना परोस रहे हैं और आप यहीं व्यंग्य जैसी बेकार चीज लिख रहे हैं। आपने कल देखा नहीं कि ऊधर खोजी लोग ज्ञानवापी पहुँचे कि नहीं इधर ज्ञान की सहस्त्रधारा चहुँ ओर बह निकलीं थीं।" बिअंग भैया जैसे व्यंग्यकार के भीतर से व्यंग्य का कीड़ा निकालने की कसम खाए फेंकूराम ने कहा- "हम वॉट्सऐपियों ने ही बताया कि ज्ञानवापी के तहखाने में शिवलिंग दैदीप्यमान की तरह चमक रहा है। एक से बढ़कर एक छवियाँ क्रॉप करके धड़ल्ले से पोस्ट कर डाले। सामने वाले की गैलरिया चुटकियों में फुल कर डाले। वह ससुरा इसी में उलझा रहेगा कि तस्वीरें देखें या गैलरी साफ करे। किसी की जगह पर कोई दूसरा कुछ बनाएगा तो खोजबीन होगी ही। आगे तेजोमहल का भी यही हाल होने वाला है। सारा इतिहास हम अपने व्हाट्सप में धरकर चलते हैं। ज्ञानवापी से शिवलिंग की ली गयी पहली तस्वीर को खोजियों को प्राप्त करने, देखने और जारी करने के पहले ही हम व्हाट्सपवीरों ने उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया था। सारी दुनिया जैसा करती है, वैसा आप भी किया करो बिअंग भाई। जानते नहीं, हाथी के दाँत दिखाने के कुछ और तथा खाने के कुछ और होते हैं। भीड़ तंत्र का हिस्सा बनो भीड़ तंत्र का। गधा भी अपने को कभी गधा नहीं बोलता, वह चुप रहने के बजाय मौका मिलते ही अपने को घोड़ा साबित करने पर तुल जाता है चाहे उसका ढेंचू-ढेंचू पसंद किया जाये या न किया जाए।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 09 मई 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

# भाजपा के दांव से जेडीएस फंसी

## करो या मरो के हालात; जेडीएस के किंगमेकर बनने के सपने को लग सकता है झटका

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**बात** 1997 की है, जब लोकसभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया था। तब उन्होंने कहा था, मैं फीनिक्स (6वीं सदी के अरब के रेगिस्तान का पक्षी जिसने खुद को जला दिया था और बाद में फिर जिंदा हो गया) की तरह राख से उठूंगा। राष्ट्रीय राजनीति के लिए उनका यह कहना सच नहीं हुआ। हालांकि, देवेगौड़ा यह तय करने में सफल रहे कि उनकी बनाई गई क्षेत्रीय पार्टी जेडीएस 2004 से कर्नाटक की राजनीति में अहम भूमिका निभाए। आज पार्टी ऐसे मुहाने पर है, जहां उसके लिए करो या मरो की स्थिति है। उसके सामने अपने ही गढ़ में कई सीटों पर हार का साया मंडरा रहा है। जेडीएस के लिए 20 सीटें जीतना भी बड़ी चुनौती है। 3 पर तो गौड़ा परिवार के सदस्य लड़ रहे हैं। इनमें कुमारस्वामी, उनके बड़े भाई रवन्ना और बेटे





निखिल को सीट बचाए रखने में तगड़ी चुनौती मिल रही है। अगर तीनों विधायक नहीं बने, तो जेडीएस का वजूद खत्म होने की आशंका बढ़ जाएगी। क्योंकि पार्टी के जो लोग जीतेंगे, उनके जेडीएस छोड़कर कांग्रेस या भाजपा में शामिल होने की आशंका रहेगी।

**अपने दम पर कभी सत्ता में नहीं आई जेडीएस:** जेडीएस कभी अपने दम पर सत्ता में नहीं आई। देवेगौड़ा के बेटे कुमारस्वामी दो बार सीएम बने, पर उनका कार्यकाल छोटा रहा। 5 विधानसभा चुनावों से सरकार का गठन हर बार जेडीएस के प्रदर्शन पर निर्भर रहा। ओल्ड मैसुरु क्षेत्र में जब भी जेडीएस का प्रदर्शन खराब रहा, कांग्रेस सत्ता में आई। वहीं, उसका प्रदर्शन बेहतर रहने पर भाजपा ने सरकार बनाई। इस बार चुनाव करीब आए, तो जेडीएस मजबूत दिख रही थी। सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ माहौल था। जेडीएस के लिए स्थितियां तब पलटने लगीं, जब भाजपा ने अचानक आत्मविश्वास के साथ चुनाव प्रचार शुरू कर दिया। भाजपा अपने विधायकों और नेताओं को दूसरे दलों में जाने से रोकने में सफल हो गई। खासकर तटीय और मुंबई-कर्नाटक क्षेत्र में, जहां इसका कैडर आधार मजबूत है। जेडीएस ने 1 नवंबर 2022 को पंच रत्न यात्रा शुरू की थी। पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी जैसे कुछ नेताओं ने कांग्रेस से हाथ मिलाकर भाजपा के खिलाफ बगावत कर दी, लेकिन बाकी नेता पार्टी में ही थमे रहे। जेडीएस ने जब पंच रत्न यात्रा शुरू की थी, तो उसका लक्ष्य 125 सीटों पर ध्यान केंद्रित करना था। इसमें ओल्ड-मैसरू क्षेत्र, मध्य कर्नाटक के कुछ जिले और हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र की कुछ सीटें भी शामिल हैं। जब कांग्रेस के नेताओं ने अपने मतभेद सुलझाना शुरू किया, तो मध्य-कर्नाटक और हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्रों में जेडीएस के लिए स्थिति कठिन होने लगी।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर का किया उद्घाटन

### शुरू हुई बुकिंग

**आम लोग एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर में मंगलवार से प्रवेश कर सकेंगे। टूरिज्म संबंधी मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग शुरू हो गई**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**केंद्रीय रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने चंडीगढ़ के सेक्टर-18 में तैयार इंडियन एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर का उद्घाटन कर दिया है। उन्होंने इस सेंटर को आम लोगों को समर्पित किया है। पंजाब गवर्नर एवं यूटी के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित ने रक्षामंत्री का वेलकम किया है। एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर के उद्घाटन के मौके पर कई सैन्य व पुलिस अधिकारी भी मौके मौजूद रहे। इसके बाद रक्षामंत्री ने पंजाब गवर्नर व अन्यों के साथ पूरे सेंटर का दौरा किया। फिर रक्षामंत्री और गवर्नर बीएल पुरोहित का काफिला एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर से निकल गया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के



शहर में आने पर एयरपोर्ट लाइट पॉइंट से लेकर सेक्टर-17/18 लाइट पॉइंट तक चप्पे-चप्पे पर ट्रैफिक पुलिस और थाना पुलिस समेत अन्य पुलिस जवान मौजूद रहे।

**चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों से मीटिंग:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एयरफोर्स फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की शॉप भी विजिट की। इसके बाद एयरफोर्स के अधिकारियों द्वारा हेरिटेज सेंटर सेक्रेटरी कल्चर, चंडीगढ़ को सुपुर्द किया गया। रक्षामंत्री अब चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों से मीटिंग करेंगे।

**मोबाइल ऐप से करें बुकिंग:** आम लोग एयरफोर्स हेरिटेज सेंटर में मंगलवार से प्रवेश कर सकेंगे। हालांकि यहां आने के लिए चंडीगढ़ प्रशासन की टूरिज्म संबंधी मोबाइल ऐप के माध्यम से बुकिंग आज (सोमवार) से ही शुरू हो चुकी है। एक दिन में 75 लोग कर सकेंगे सिमुलेटर पर फाइटर उड़ाने का अनुभव, फीस 295 रुपए। सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक आ सकेंगे।

# 'तेजस्वी के खिलाफ मानहानि: शिकायतकर्ता सुबूत पेश करें'

**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**मानहानि** मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के खिलाफ अहमदाबाद मेट्रो कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने 202 का समन जारी किया है। इसके तहत अब शिकायतकर्ता को सुबूतों के साथ कोर्ट में पेश होना होगा। इस मामले की अगली सुनवाई 20 मई को होगी। बता दें, मानहानि की यह याचिका गुजरातियों को ठग कहने के मामले में अपर मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट डीजे परमार की अदालत में सामाजिक कार्यकर्ता और कारोबारी हरेश मेहता ने दर्ज कराई है।

**पिछली सुनवाई में तेजस्वी के वकील ने मांगी थी मोहलत:** इस मामले में पहली सुनवाई पिछले हफ्ते 1 मई को हुई थी। कोर्ट ने करीब 5 मिनट तक दोनों पक्षों के बयानों को सुना। इसी बीच डिप्टी सीएम के वकील ने कोर्ट से मोहलत मांगी। इस पर कोर्ट ने 8 मई को अगली तारीख दी थी। वहीं, फरियादी हरेश मेहता के वकील प्रफुल्ल आर पटेल ने सुनवाई के दौरान न्यायालय में सर्वोच्च कोर्ट के फैसला का हवाला देते हुए कहा कि अगर कोई अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता है तो उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। ऐसे में अभियुक्त कितना भी बड़ा क्यों न हो उसे गंभीरता से लेकर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए

**मेहुल चौकसी की बात रखते हुए**



### दावा


**कोर्ट ने 202 का समन जारी किया है। इसके तहत अब शिकायतकर्ता को सुबूतों के साथ कोर्ट में पेश होना होगा**

**दिया था बयान:** तेजस्वी यादव ने पिछले महीने नीरव मोदी को लेकर आई एक खबर पर प्रतिक्रिया देते हुए गुजरातियों पर ही विवादित टिप्पणी कर दी थी। उन्होंने कहा था- 'आज देश के हालात में सिर्फ गुजराती ठग हो सकते हैं। उनके ठग को माफ भी कर दिया जाएगा। एलआईएसी, बैंक का पैसा दे दो फिर वह भाग जाएगा तो कौन जिम्मेदार होगा। दोस्त, यार जो भ्रष्टाचार कर रहे हैं, लेकिन इनका तोता पिंजरे से नहीं निकलता है। उनके इसी बयान के बाद कारोबारी हरेश मेहता ने बीते 21 मार्च को तेजस्वी यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा-499 और 500 (आपराधिक मानहानि) के तहत मामला दर्ज करवाया था।

# अक्ल दाढ़ उम्र का पुख्ता सबूत नहीं: हाईकोर्ट

## इसके ना होने से लड़की नाबालिग साबित नहीं होती, रेप के आरोपी को बरी किया

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**बॉम्बे** हाईकोर्ट ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन अगेंस्ट सेक्सुअल ऑफेंस के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को पिछले हफ्ते बरी कर दिया। मामले की सुनवाई कर रहीं जस्टिस अनुजा प्रभुदेसाई ने कहा कि सिर्फ अकल दाढ़ का न होना रेप पीड़ित की उम्र साबित करने के लिए पुख्ता सबूत नहीं है। कोर्ट महरबान हसन बाबू खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। बाबू खाने ने रेप और पोस्को एक्ट के केस में दोषी पाए जाने को लेकर हाईकोर्ट में अपील की थी।



महरबान हसन पर शादी का झांसा देकर विक्टिम से शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया गया था। लड़की के वकीलों के मुताबिक, विक्टिम 19 दिसंबर 2000 को पैदा हुई थी। उसने 25 मार्च

### बरी किया....

**महरबान हसन पर शादी का झांसा देकर विक्टिम से शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया गया था**

2016 को आरोपी को बताया था कि वह प्रेग्नेंट है। महरबान हसन ने कहा था कि वह उत्तर प्रदेश में अपने घर से रायगढ़ लौट आएगा और उससे शादी करेगा। लेकिन उसने शादी नहीं की और उसे इगनोर करने लगा। परेशान होकर विक्टिम ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था।

**2019 में डेंटिस्ट की गवाही के बाद आरोपी को सुनाई गई थी सजा:** इस मामले में पीड़ित की उम्र का आकलन करने के लिए डेंटिस्ट की मदद ली गई थी। डेंटिस्ट ने क्लिनिकली और रेडियोग्राफिक दोनों तरह से जांच की। अपनी रिपोर्ट में डेंटिस्ट ने कहा था कि उन्हें पीड़ित की अकल दाढ़ यानी तीसरी दाढ़ नहीं मिली थी। इस आधार पर उन्होंने पीड़िता की उम्र लगभग 15 से 17 साल बताई थी।

# यौन प्रताड़ना: श्रीनिवास ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**यूथ कांग्रेस के** राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने असम में यौन प्रताड़ना के एक मामले में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। श्रीनिवास की ओर से वरिष्ठ वकील देवदत्त कामत ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष मेंशन करते हुए जल्द सुनवाई की मांग की, जिसके बाद कोर्ट ने 15 मई को सुनवाई करने का आदेश दिया। गुवाहटी हाई कोर्ट की सिंगल बेंच ने 4 मई को श्रीनिवास के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने की मांग खारिज कर दी थी। इस

### राहत के लिए...

**हाई कोर्ट ने कहा था कि इस तथ्य के कोई सबूत नहीं हैं कि एफआईआर राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है**

मामले में श्रीनिवास की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज हो चुकी है। हाई कोर्ट ने कहा था कि इस तथ्य के कोई सबूत नहीं हैं कि एफआईआर राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। हाई कोर्ट ने कहा था कि जांच अहम मोड़ पर है, ऐसे में अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती है।

# 'थैलेसीमिया की मरीजों की जान बचाने के लिए रक्तदान करें'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय स्वास्थ्य** मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने विश्व थैलेसीमिया दिवस पर सोमवार लोगों से थैलेसीमिया मरीजों की जान बचाने के लिए रक्तदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने ट्वीट में कहा है कि यह जानलेवा रक्त विकार बीमारी है। इसलिए सभी को जागरुकता बढ़ाने की दिशा में काम करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोग रक्तदान कर इस बीमारी से लड़ रहे लोगों की रक्षा करने का भी संकल्प लें। उल्लेखनीय है कि थैलेसीमिया रक्त

### रक्तदान

**यह जानलेवा रक्त विकार बीमारी है। इसलिए सभी को जागरुकता बढ़ाने की दिशा में काम करने का संकल्प लेना चाहिए**

विकास संबंधी अनुवांशिक बीमारी है। यह माता- पिता से पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित होती है। मरीज को जीवित रहने के लिए हर दो से तीन सप्ताह बाद खून की आवश्यकता होती है। साल 1994 में पहली बार विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाने पर विचार किया गया था।




# यूक्रेन ने रूस के 35 ईरानी ड्रोन मार गिराए

**कीव।** यूक्रेन पर रूसी हमला थमने या कमजोर पड़ने का नाम नहीं ले रहा है। रूस ने यूक्रेन पर ताबड़तोड़ मिसाइल हमले किये, जिस पर यूक्रेन ने जोरदार पलटवार करते हुए रूस के 35 ईरानी ड्रोन मार गिराए। रूस ने पिछले वर्ष 24 फरवरी को यूक्रेन पर हमला किया था। चौदह महीने से अधिक समय से यूक्रेन इस रूसी हमले का डटकर मुकाबला कर रहा है। बीती रात रूस ने यूक्रेनी शहरों खार्किव, खेरसॉन, मायकोलाइव और ओडेसा में ताबड़तोड़ हमले किए। यूक्रेनी

# गुजरात: बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या...

**टीम एक्शन इंडिया/वापी**
**गुजरात में वापी जिले का राता तालुका में** सोमवार सुबह गोली मारकर हत्या कर दी गई। भाजपा उपाध्यक्ष शैलेश पटेल पत्नी के साथ शिव मंदिर पहुंचे थे। इसी दौरान एक बाइक पर आए अज्ञात तीन युवकों ने उन पर फायरिंग कर दी। शैलेष को तीन गोलियां लगीं, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्राथमिक जांच में हत्या की वजह पुरानी रंजिश सामने आई है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

**पत्नी के साथ हर सोमवार आते थे मंदिर:** शैलेश पटेल हर सोमवार को पत्नी के साथ शिव मंदिर जाते थे। सुबह भी करीब 7.15 बजे मंदिर पहुंचे थे। दर्शन के बाद शैलेष कार की ड्राइविंग सीट पर बैठकर पत्नी के आने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक उनकी कार से पास आकर रुकी और बाइक पर बैठे एक शख्स ने कार की खिड़की से उन पर फायरिंग कर दी। चार राउंड फायरिंग में शैलेष को तीन गोलियां लगीं। फायरिंग के बाद आरोपी फरार हो गए।

### जांच जारी

**पटेल पत्नी के साथ शिव मंदिर पहुंचे थे। एक बाइक पर आए अज्ञात तीन युवकों ने उन पर फायरिंग कर दी**

**पत्नी मंदिर से बाहर आई तो कार के गेट पर देखा खून:** वारदात के करीब 5 मिनट बाद पत्नी मंदिर से बाहर आई तो उन्होंने कार के गेट से खून टपकता देखा। शैलेष की खून से लथपथ लाश देखकर वे चीख उठीं और वहीं बेहोश हो गईं। उनकी आवाज सुनकर मंदिर में मौजूद श्रद्धालु और स्थानीय लोग पहुंचे। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं।

**राह होगी आसान** 5 हजार करोड़ रुपए होगी लागत; बालटाल से अमरनाथ पहुंचने में लगेंगे सिर्फ 40 मिनट

# जम्मू-कश्मीर में 18 नए रोपवे बनेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** आने वाले पर्यटकों की राह और आसान होने वाली है। सरकार ने यहां लगभग पांच हजार करोड़ रुपए की लागत से 18 नए रोप-वे के लिए स्थान चिह्नित किए हैं। नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमटेड के साथ सरकार ने एमओयू भी साइन किया है। सबसे अहम बालटाल से अमरनाथ गुफा के लिए प्रस्तावित 9 किमी का रोप-वे होगा। इससे 14 किमी के मार्ग की पैदल दूरी 10 घंटे से घटकर 40 मिनट रह जाएगी। तीन रोप-वे पर काम अगले साल पूरा होने की



संभावना है। इनमें वैष्णो देवी फेज-2 (2.4 किमी), शिवखोरी श्राइन (2.1 किमी) और श्रीनगर में शंकराचार्य पहाड़ी (1 किमी) रोप-वे शामिल है।

**वैष्णो देवी के लिए ताराकोट से संझी छत रोपवे पर खर्च होंगे 250 करोड़:** वैष्णो देवी के लिए फेज-2 में बहुप्रतीक्षित ताराकोट मार्ग से संझी छत के लिए रोप-वे की लागत करीब 250 करोड़ रुपए होगी। इसका टेंडर फाइनल स्टेज में है।

संभावना है कि यहां काम जल्द शुरू होगा। रोपवे शुरू होने पर श्रद्धालु मंदिर परिसर तक मात्र 6 मिनट में पहुंच जाएंगे। अभी पैदल ताराकोर्ट से संझी पहुंचने में 6 घंटे लगते हैं।

### एमओयू साईन किया

**संभावना है कि यहां काम जल्द शुरू होगा। रोपवे शुरू होने पर श्रद्धालु मंदिर परिसर तक मात्र 6 मिनट में पहुंच जाएंगे**